CAREERS360

# MP BOARD 10th HINDI

# MODEL PAPER

QUESTION PAPER SAMPLE PAPER MODEL PAPER MODEL QUESTIIONS ANSWER KEY ANSWER CODES SOLUTIONS RESPONSE SHEET TESTING PATTERN NEGATIVE MARKING MARKING SCHEME EXAM PATTERN PAPER PATTERN MODEL TEST PAPERS MODEL TEST QUESTIONS ANSWER KEY WITH SOLUTIONS SOLVED PAPERS SOLVED QUESTIONS

# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013

## विषय – सामान्य हिन्दी

## कक्षा – दसवीं

## सेट–ए

**समय– 3 घंटे** **पूर्णांक– 100**

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 x 5 x 5 = 25 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्र. 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न हेतु 2 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्र. 17 से 19 तक प्रत्येक का उत्तर 30 से 75 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 3 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर 75 से 120 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 4 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्र. 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्र. 28 का उत्तर लगभग 200 से 250 शब्दों में निर्धारित है इसके लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है। जिसमें अ में 7 अंक एवं ब में 3 अंक।

---

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए।

1. हिन्दी गजल लेखन के लिए....................प्रसिद्ध है।
   (श्री राम शर्मा / दुष्यंत कुमार)
2. 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन.....................ने किया।

(महावीर प्रसाद द्विवेदी / हजारी प्रसाद द्विवेदी)

3. शब्द के बाद जुड़ने वाला शब्दांश............................कहलाता है।

(उपसर्ग / प्रत्यय)

4. भारत के उत्तर में................पर्वत है।

(सतपुड़ा / हिमाचल)

5. संसार में सर्वप्रथम ज्ञान का प्रकाश...............ने फैलाया।

(भारत वर्ष / श्रीनगर)

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :–

1. 'कर्मवीर' कविता के रचयिता का नाम लिखिए।
2. शबरी की कुटिया में कौन आया था?
3. 'टिहरी' शहर में आपाधापी क्यों मची हुई थी?
4. कलिंग की राजेश्वरी का क्या नाम था?
5. हिन्दी भाषा की लिपि को क्या कहते है?

प्रश्न 3. स्तंभ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए –

| | क | – | ख |
|---|---|---|---|
| (1) | इच्छा का पर्यायवाची | – | तुलसीदास |
| (2) | सूखी डाली | – | अभिलाषा |
| (3) | अधिकार का विलोम | – | श्री मन्नारायण अग्रवाल |
| (4) | विनय के पद | – | अनाधिकार |
| (5) | समय नहीं मिला | – | उपकेन्द्रनाथ अश्क |

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में से सत्य / असत्य का चयन कीजिए –

1. भारत के दक्षिणी छोर पर कन्या कुमारी है।
2. 'माटीवाली' शहर से मिट्टी खरीदकर लाती थी।

3. दो वर्णों के मेल को समास कहते है।

4. एकांकी एक अंक का होता है।

5. तुलसीदास का राम से भक्त और भगवान का नाता था।

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) कश्मीरी पेट से बांधते है –

(अ) भट्‌टी (ब) कांगड़ी

(स) बेल्ट (द) पेटी

(2) मोक्ष शब्द का अर्थ है –

(अ) निर्माण (ब) स्थापना

(स) निर्वाण (द) जन्म

(3) 'नदी' का पर्यायवाची है –

(अ) सरिता (ब) समीर

(स) नवनी (द) तिमिर

(4) तुलसीदास के पिता का नाम था –

(अ) आत्माराम (ब) सीताराम

(स) गोविन्दराम (द) श्यामाचरण

(5) 'कर्मवीर' विघ्न आने पर –

(अ) घबरा जाते है (ब) उकता जाते है

(स) लक्ष्य की तरफ बढ़ते है (द) भाग जाते है

प्रश्न 6. अशोक क्या प्राप्त करना चाहते थे?

अथवा

इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेजी ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?

प्रश्न 7. स्वभाव से साधु कौन होते है?

अथवा

तनाव के कारण कौन–कौन से रोग उत्पन्न होते है?

प्रश्न 8. कहानी के तत्वों के नाम लिखिए।

अथवा

नाटक के तत्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न 9. संस्मरण और रेखाचित्र में कोई दो अंतर लिखिए।

अथवा

आत्म कथा और जीवनी में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. मिट्टी में मिलाना।
2. श्री गणेश करना।
3. फूले न समाना।

अथवा

लोकोक्ति और मुहावरे में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। कोई–2

1. मैने हस्ताक्षर कर दिया है।
2. ईश्वर के अनेकों नाम है।
3. मेले में भारी भीड़ थी।

अथवा

पूर्ण विराम का प्रयोग कहां किया जाता है? उदाहरण देकर समझाइये।

प्रश्न 12. (अ) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

1. पानी
2. हवा

(ब) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

1. आय
2. उन्नति

अथवा

(अ) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

1. नाच
2. घर

(ब) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

1. स्वर्ण
2. दुग्ध

प्रश्न 13. निम्नलिखित विग्रहों का समस्त पद बनाइए तथा समास का नाम भी लिखिए।

1. शोक में मग्न
2. महान आत्मा

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए।

1. परमार्थ
2. सदैव

प्रश्न 14. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए।

1. पानी बरस रहा है। (निषेधात्मक)
2. तुम्हें अपना गृह कार्य करना चाहिए। (आदेशात्मक)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए।

1. निरस
2. आर्शीवाद
3. ग्यानी
4. उर्त्तीण

प्रश्न 15. देशज शब्द किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

अथवा

विदेशी शब्द किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 16. 'सत की नाव खेवटिया सतगुरू' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'वह देश कौन सा है?' कविता में 'चरण रत्नेश धो रहा' से कवि का क्या तात्पर्य है।

प्रश्न 17. कवि दिवाकर वर्मा का अमावस्या की कालिमा से क्या तात्पर्य है?

अथवा

राम लक्ष्मण को अपनी कुटिया पर आया हुआ देखकर शबरी की दशा कैसी हो गई है?

प्रश्न 18. वर्षा के आगमन पर धरती में क्या–क्या परिवर्तन होते है? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर्मवीर कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 19. लेखक ने डल झील को कश्मीर की शान क्यों कहा है?

अथवा

द्विवेदी जी ने अपने लिये कौन से चार सिद्धांत निश्चित किये थे? वे कहां तक सफल रहे?

प्रश्न 20. अतिव्यस्तता ने मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

गुरू नानक ने किसान के संबंध में क्या–क्या कहा है? मजदूरी और प्रेम निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. सूखी डाली एकांकी का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अशोक ने कौन सी प्रतिज्ञा की थी? पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न 22. अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे। स्पष्ट कीजिए।

अथवा

विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है। पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. तुम्हारी विरासत कविता हमें क्या संदेश देती है?

अथवा

जलता हुआ प्रश्न चिन्ह किसे कहा गया है?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

पायौ जी मैंनें राम रतन धन पायौ।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरू, किरपा करि अपनायौ।।
जनम–जनम की पूंजी पाई, जग में सबे खौवायौ।
खरचे नहि कोई चोर न लेवे, दिन–दिन बढ़त सवायौ।।

अथवा

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है,
नाव जर्जर ही सही लहरों से टकराती तो है।
एक चिनगारी कहीं से ढूंढ़ लाओ दोस्तों,
इस दिए में तेल से भींगी हुई बाती तो है।।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

'अंग्रेजी पढ़ना खराब नहीं है पर अंग्रेजी पढ़कर अंग्रेज हो जाना खराब है। अंग्रेजी पढ़कर अपने देश, भाषा एवं संस्कृति को भूल जाना खराब है। आज के अधिकतर सज्जन जो अंग्रेजी पढ़ते है, अपने देश की प्रत्येक वस्तु को असम्मान की भावना से देखते है, उसकी आलोचना करते हैं।

प्रश्न 1. आजकल अंग्रेजी पढ़कर लोग क्या भूल जाते है?

प्रश्न 2. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 3. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

वन–उपवन पनप गए सब,
कितने नव अंकुर आए।
वे पीले–पीले पल्लव,
फिर से हरियाली लाए।
वन में मयूर अब नाचें,
हंस–हंस आनन्द मनाएं।

उनकी छवि देख रही है,
नभ की घनघोर घटाएं।

प्रश्न 1. प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. मोर अपनी प्रसन्नता किस प्रकार व्यक्त करता है?

प्रश्न 3. आकाश से बरसाती बादल कौन सा दृश्य देख रहे है?

प्रश्न 4. 'मोर' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

प्रश्न 5. हरियाली का आगमन किस प्रकार हुआ?

प्रश्न 27. अपने भाई के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

अथवा

सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल को हाईस्कूल परीक्षा के विज्ञान विषय के अंकों की पुनर्गणना के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200–250 शब्दों में निबंध लिखिए।

1. वन संरक्षण – महत्व एवं उपयुक्तता
2. मूल्यवृद्धि एक ज्वलंत समस्या
3. विद्यार्थी और अनुशासन
4. समाचार पत्र की उपयोगिता
5. साहित्य और समाज
6. विज्ञान का जीवन पर प्रभाव

(ब) उपरोक्त शेष निबंधों में से किसी एक निबंध की रूपरेखा लिखिए।

– – – – – –

# <u>आदर्श उत्तर</u>
# विषय – सामान्य हिन्दी
# कक्षा – दसवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. रिक्त स्थान की पूर्ति –

1. दुष्यंत कुमार
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी
3. प्रत्यय
4. हिमालय
5. भारतवर्ष

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 2. एक वाक्य में उत्तर –

1. कर्मवीर कविता के रचयिता अयोध्या सिंह उपाध्याय हरि औध है।
2. शबरी की कुटिया में राम लक्ष्मण आये थे।
3. टिहरी बांध की दो सुरंगों को बंद करने के कारण शहर में पानी भरने लगा जिससे टिहरी शहर में आपाधापी मची हुई थी।
4. कलिंग की राजेश्वरी का नाम अमिता था।
5. हिन्दी भाषा की लिपि को देवनागरी लिपि कहते है।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 3. सही जोडियां बनाना –

| | **क** | **–** | **ख** |
|---|---|---|---|
| (1) | इच्छा का पर्यायवाची | – | अभिलाषा |
| (2) | सूखी डाली | – | उपकेन्द्रनाथ अश्क |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (3) | अधिकार का विलोम | – | अनाधिकार |
| (4) | विनय के पद | – | तुलसीदास |
| (5) | समय नहीं मिला | – | श्री मन्नारायण अग्रवाल |

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 4. सत्य/असत्य का चयन –

(1) सत्य।

(2) असत्य।

(3) असत्य।

(4) सत्य।

(5) सत्य।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 5. सही विकल्प का चयन –

1. कांगड़ी
2. निर्वाण
3. सरिता
4. आत्माराम
5. लक्ष्य की तरफ बढ़ते है।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. अशोक सम्पूर्ण पृथ्वी को जीतना चाहते थे। वे विश्व विजयी सम्राट बनना चाहते थे।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने तृतीय रीडर समालोचना नाम की पुस्तक लिखी।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. मजदूरी और प्रेम निबंध में लेखक ने बताया है कि हल चलाने वाले और भेड़ चराने वाले प्रायः स्वभाव से साधु होते है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

तनाव के कारण उच्च रक्तचाप, सिर दर्द, पेप्टिक अल्सर, ह्रदय रोग आदि रोग उत्पन्न होते है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. कहानी के तत्व निम्नलिखित है –

1. कथानक
2. संवाद
3. देशकाल और वातारण
4. भाषा शैली
5. पात्र और चरित्र चित्रण
6. उद्‌देश्य

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

नाटक के तत्व –

1. कथानाक
2. पात्र और चरित्र चित्रण

3. संकलन त्रय
4. अभिनयेता
5. संवाद
6. भाषा शैली
7. देशकाल वातावरण
8. उद्‌देश्य।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. संस्मरण व रेखाचित्र में अंतर –

| सं.क्र. | संस्मरण | रेखाचित्र |
|---|---|---|
| 1 | संस्मरण किसी महान व्यक्ति या घटना के संबंध में लिखा जाता है। | रेखाचित्र किसी भी व्यक्ति वस्तु या घटना का चित्रण होता है। |
| 2 | संस्मरण में चिंतन की गहराई होती है। | रेखाचित्र में शब्द चित्रों का महत्व होता है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

आत्मकथा और जीवनी में अंतर –

| सं.क्र. | आत्मकथा | जीवनी |
|---|---|---|
| 1 | आत्मकथा लेखक के द्वारा स्वयं ही लिखी जाती है। | जीवनी अन्य लेखक के द्वारा लिखी जाती है। |
| 2 | आत्मकथा में लेखक स्वयं के बारे में लिखता है। उसमें उसके व्यक्तिगत अनुभव रहते है। | जीवनी में लेखक किसी दूसरे व्यक्ति के बारे में लिखता है। उसमें किसी अन्य व्यक्ति का |

| | | |
|---|---|---|
| | | चरित्र चित्रण किया जाता है। |
| 3 | आत्म कथा लिखकर लेखक आत्म परिष्कार एवं आत्म परीक्षण करना चाहता है। | जीवनी में लेखक अपने नायक के जीवन का वर्णन सत्य घटनाओं के आधार पर करता है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. मुहावरों का अर्थ एवं वाक्य प्रयोग –

1. मिट्टी में मिलाना – नष्ट करना।
   प्रयोग– मोहनदास ने अपने पड़ौस में रहने वाले ठाकुर परिवार को पुश्तैनी दुश्मनी के कारण मिट्टी में मिला दिया।
2. श्री गणेश करना – आरंभ करना।
   प्रयोग– किसी भी कार्य का श्रीगणेश गणपति पूजन से होता है।
3. फूल न समाना – अत्यधिक प्रसन्न होना।
   प्रयोग– जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सीमा फूली न समाई।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

लोकोक्ति व मुहावरों में अंतर –

| **सं.क्र.** | **लोकोक्ति** | **मुहावरे** |
|---|---|---|
| 1 | लोकोक्ति पूर्ण कथन होती है। | मुहावरा वाक्यांश होता है। |
| 2 | लोकोक्ति में जीवन का कोई सत्य उद्घाटित होता है। | मुहावरे में ये बंधन नहीं होता है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. शुद्ध वाक्य –

1. मैंने हस्ताक्षर कर दिए है।
2. ईश्वर के अनेक नाम है।
3. मेले में बहुत भीड़ थी।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पूर्ण विराम – वाक्य के पूरा होने पर अथवा वाक्य के अंत में अधिक देर ठहरने के लिए पूर्ण विराम चिन्ह (।) का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण – वह स्कूल जा रहा है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. (अ) पर्यायवाची शब्द –

1. पानी – जल, नीर, वारि।
2. हवा – वायु, समीर, पवन।

(ब) विलोम शब्द –

1. आय – व्यय
2. उन्नति – अवनति

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

(अ) तत्सम शब्द –

1. नाच – नृत्य
2. घर – गृह

(ब) तद्भव शब्द –

1. स्वर्ण – सोना
2. दुग्ध – दूध

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13. समास विग्रह –

1. शोक में मग्न – शोक मग्न – तत्पुरूष समास
2. महान आत्मा – महात्मा – कर्मधारय समास

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

संधि विच्छेद –

1. परम+अर्थ = परमार्थ – दीर्घ स्वर संधि।
2. सदा+एव = सदैव – वृद्धि स्वर संधि।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. वाक्य परिवर्तन –

1. पानी नहीं बरस रहा है।
2. तुम अपना गृह कार्य करो।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

शुद्ध रूप –

1. नीरस
2. ज्ञानी
3. आशीर्वाद

4. उत्तीर्ण

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. देशज शब्द – जो शब्द बोलियों के आधार पर आवश्यकतानुसार बना लिए जाते है, उन्हें देशज शब्द कहते है।

उदा.– खटखट, पेड़, थैला।

**उपरोक्तानुसार उत्तर लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

विदेशी शब्द – अन्य भाषाओं से लेकर जिन शब्दों का प्रयोग हिन्दी में किया जाता है वे विदेशी शब्द कहलाते है।

उदा.– स्कूल, किताब, आदि।

**उपरोक्तानुसार उत्तर लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. मीरा बाई के अनुसार सत की नाव खेने वाला सतगुरू ही होता है। उनके द्वारा ही सत्य पर चलने का मार्ग दिखाया जाता है। संसार की कठिनाईयां भी सतगुरू के द्वारा ही पार करने में मीरा समर्थ हो सकी है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वह देश कौन सा है? में चरण रत्नेश धो रहा है, से कवि का तात्पर्य है कि भारत के दक्षिण में समुद्र लहरा रहा है जो देश की रक्षा करते हुए गर्जन कर रहा है। भारत देश को मां का दर्जा प्राप्त है। अतः सागर के द्वारा चरण धोने से आशय भारत माता का सम्मान करने से है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. कवि दिवाकर वर्मा कहते है कि जिस प्रकार अमावस्या की रात को चन्द्रमा आकाश में दिखाई नहीं देता जिसके कारण संसार में कालिमा छा जाती है उसी प्रकार आज समाज में ईर्ष्या द्वेष और अविश्वास का का अंधकार फैला हुआ है, प्रेम व प्यार कहीं भी दिखाई नहीं देता इसलिए ऐसे काल में कवि को अमावस्या की कालिमा दिखाई दे रही है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

राम–लक्ष्मण को अपनी कुटिया पर आया हुआ देखकर शबरी ने अपनी सुध बुध खो दी। शबरी अत्यंत भाव विभोर हो गई। उसकी वाणी अवरूद्ध हो गई उसे परम शांति का अनुभव हुआ वह अधीरता से प्रभु चरणों को पकड़ कर बार–बार देखने लगी।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. बरखा गीत कविता में कवि के अनुसार वर्षा के आगमन पर मुरझाई धरती हरी–भरी हो जाती है। तालाबों में जल भर जाता है। आकाश में बदली छाई रहती है। रेगिस्तान भी वर्षा से गीला हो जाता है। वृक्षों के पत्ते हरे भरे और सघन हो जाते है। सखियां कजरी गाते हुए आनंदित होती है। सर्वत्र हरियाली और खुशहाली दिखाई देती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

कर्मवीर कविता में कवि कहता है कि मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिए, बल्कि साहस के साथ सामना करना चाहिए भाग्य के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कर्मठ, निडर, श्रमशील एवं संघर्षशील होना चाहिए तभी व्यक्ति सफल बनता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. लेखक ने डल झील को कश्मीर की शान कहा है क्योंकि जैसे ही वह पहाड़ी से उतरकर सड़क पर आया तो सामने डल झील में तैरते बाग, बाजार और उनके चारों ओर की पहाड़ियों के निराले दृश्य बड़े ही मनोहारी दिखाई दे रहे थे। चारों ओर बर्फ से आच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं उसके सौन्दर्य में चार चांद लगा देती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

द्विवेदी जी ने अपने लिये चार सिद्धांत निश्चित किए –

1. वक्त की पाबंदी।
2. रिश्वत न लेना।
3. अपना काम ईमानदारी से करना।
4. ज्ञानवृद्धि के लिए सतत् प्रयास करना।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. अति व्यस्तता के कारण मनुष्य को किसी चीज की फुरसत नहीं मिलती है। फुरसत मिलती भी है तो सिर्फ तनाव, चिन्ता के लिए। इसका फल यह होता है कि शरीर विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

गुरूनानक ने किसानों को प्रकृति के जवान साधु कहा है। जब वे इन फकीरों को देखते है तो उन्हें लगता है कि नंगे पांव, कमर में लंगोटी, सिर पर टोपी, एक लंबी लाठी लिए गांवों के मित्र हैं। वे किसानों को सबका अन्नदाता, भूखे नंगों का पालने वाला अनुभव करते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21. इस एकांकी में पारिवारिक अन्तर्द्वन्द्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। जिस प्रकार वट वृक्ष की छाया शीतल और सुखद होती है, उसी प्रकार संयुक्त परिवार में जो मुखिया होता है। वह भी परिवार में सुख शांति बनाए रखता है। क्योंकि परिवार का कोई भी सदस्य परिवार से अलग होकर नीरस सूखी डाली की तरह हो जाता है। अतः उसे परिवार से अलग होने से रोकना चाहिए।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

अशोक ने प्रतिज्ञा की थी कि वह अब से किसी की कोई चीज छीनेगा नहीं न ही किसी को मारेगा। वह हिंसा का मार्ग छोड़कर कलिंग की महारानी की भांति प्रेम से संसार के हृदय को जीतने का प्रयास करेगा, प्रेम से लोगों का दिल जीतेगा।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. योगी अरविन्द ने विचारों और कर्मों को अपने जीवन में समरूप उतारा था। उनके विचार और कर्म का परस्पर समन्वय था। अरविन्द जब बड़ौदा में साधना मय जीवन की ओर जा रहे थे तब भी उनमें दिव्य तेज था। एक बार वे गुरू की तलाश में थे। वे नर्मदा के किनारे रंगनाथ में गंगा मठ के स्वामी ब्रह्मानंद के दर्शन करने गये। स्वामी जी किसी की ओर नहीं देखते थे। जब अरविन्द उनके सामने पहुंचे तो स्वामी ब्रह्मानंद उन्हें एकटक बहुत देर तक देखते ही रहे। दिव्य तेज वाले अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है। विद्वान को सत्य का ज्ञान हो जाता है उसे पता लग जाता है कि अहंकार विनाश की जड़ है। अहंकारी का विवेक

अहं की आग से प्रभावित होता रहता है। उसे शांतिपूर्वक विचार करने का अवसर नहीं मिलता, जबकि विनम्रता शांति, प्रेम और भाईचारा स्थापित करती है। इससे विवेक और अधिक गंभीर विचार करने में सहायता मिलती है इसलिए विद्वता की शोभा विनम्रता मानी गई है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. 'तुम्हारी विरासत' कविता का सार यह है कि हमें सदैव आशावादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और आंतरिक जिजीविषा को जाग्रत रखना चाहिए। हर रात के बाद सुबह अवश्य होती है अर्थात निराशा के गहरे अंधकार में भी कभी न कभी आशा रूपी सूर्य की किरण से प्रकाश दिखाई देगा। कवयित्री के अनुसार जिस प्रकार सन्नाटे में भी हमें किसी न किसी के आगमन अथवा पैरों की आहट सुनने की इच्छा जाग्रत रहती है और हमें जिन्दगी का आभास कराती है ठीक उसी तरह हमें प्रत्येक विषम और विकट परिस्थिति में भी धैर्य नहीं खोना चाहिए और आशावादी दृष्टिकोण के साथ विपत्तियों से डटकर मुकाबला करना चाहिए। कवयित्री के अनुसार हमें मिला जीवन ही हमारी विरासत है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जलता हुआ चिह्न बल्ब के लिए प्रयुक्त किया गया है। क्योंकि बल्ब के द्वारा ही उस मकान में रहने वाले के अस्तित्व का बोध होता है। विदेशों में एक दूसरे को पहचानने वाला भी कोई नहीं होता, दरवाजा खटखटाने वाला विदेश में कोई नहीं होता, मात्र बल्ब ही अपने मालिक के रहने न रहने की सूचना देता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या –

**संदर्भः–** प्रस्तुत पंक्तियां मीरा बाई द्वारा रचित 'मीरा पदावली' कविता से ली गई है।

**प्रसंग :–** राम नाम की महत्ता का वर्णन किया है।

**व्याख्या :–** मीरा बाई कहती है कि मैने रामरूपी रत्न धन प्राप्त कर लिया है। यह बहुमूल्य वस्तु मेरे गुरू ने कृपा करके मुझे दी है। जिसे मैंने तन–मन से ग्रहण किया है। यह वह संपत्ति है जिसके लिए मैं जन्म–जन्मान्तरों से लालायित थी। इसे प्राप्त कर सांसारिक बंधन से मुक्त हो गई है। वह पूंजी न खर्च होती है न ही चोर इसे चुरा सकता है अपितु वह दिन–दिन बढ़ता ही जाता है।

**विशेष :–**

1. शांत रस, गेयपद, भाषा– ब्रज, गुजराती, राजस्थानी।
2. सद्गुरू की महिमा का गुणगान।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

**संदर्भः–** प्रस्तुत पंक्तियां सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार दुष्यंत द्वारा रचित 'इस नदी की धार में' शीर्षक से अवतरित है।

**प्रसंगः–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने जर्जर और विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों में युवकों को हिम्मत बनाए रखने का प्रोत्साहन दिया है।

**व्याख्याः–** नदी की धारा बहुत तेज है। उसमें बहुत ज्यादा प्रवाह है और अधिक उफान है। फिर भी उससे सुखद और आनंददायक ठंडी–ठंडी हवा तो स्पर्श करती रहती है। इस नदी की ऊंची–ऊंची लहरों से जब नाव टक्कर लेती है तो वह तारीफ के काबिल है। कवि कहता है कि अभी एक उम्मीद की किरण बाकी है यदि कहीं से एक चिनगारी मिल जाती है तो इस दिए की बाती को जलाकर रोशनी कर सकती है। अर्थात् वर्तमान की विषम परिस्थितियों में धैर्य पूर्व कार्य करना ही श्रेयष्कर है।

**विशेषः–**

1. उर्दू शब्दों की प्रधानता।
2. शैली मार्मिक है।
3. वीर रस।
4. विषम परिस्थितियों में उत्साह कायम रखने का आव्हान।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 25. अपठित गद्यांश के उत्तर –

उत्तर 1. अंग्रेजी पढ़कर लोग अपने देश, भाषा एवं संस्कृति को भूल जाते है।

उत्तर 2. भारतीय संस्कृति की अवहेलना करना व अपने बाह्य प्रदर्शन का ढ़ोंग रचकर श्रेष्ठता प्रदर्शित करना आडम्बर बन गया है। अंग्रेजी का ज्ञान सही है परंतु उसका दिखावा गलत है।

उत्तर 3. ''अंग्रेजी का वर्चस्व एवं भारतीय संस्कृति का हनन''।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 26. अपठित पद्यांश के उत्तर :–

उत्तर 1. पावस ऋतु या वर्षा ऋतु।

उत्तर 2. मोर अपनी प्रसन्नता नृत्य करके व्यक्त कर रहे है।

उत्तर 3. आकाश से बरसाती बादल वन उपवन में नए नए अंकुर पीले–पीले पत्ते, हरियाली तथा मोर के सुंदर नृत्य का दृश्य देख रहे है।

उत्तर 4. मयूर, केकी।

उत्तर 5. पेड़ पौधों में नव अंकुर और पीले–पीले पत्तों के निकलने से हरियाली का आगमन हुआ।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 27.

**पत्र लेखन**

सी–58, आकाश अपार्टमेंट
ए.वी. रोड़ इन्दौर
दिनांक 20.09.2013

प्रिय मित्र,

मनमोहन, सप्रेम नमस्ते।

यहां पर सभी स्वस्थ्य एवं सानंद है आपकी कुशलता की सदैव ईश्वर से प्रार्थना करता रहता हूँ। इधर काफी समय से आपका कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ। अतः आपकी कुशलता के समाचार ज्ञात नहीं हो सके।

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मेरे बड़े भाई साहब आदरणीय श्री रविकान्त जी का शुभ विवाह दिनांक 26.12.2013 को होना निश्चित हुआ है। विवाह के इस शुभ अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है। विवाह में होने वाले सभी मांगलिक कार्यक्रमों की जानकारी के लिये आपको आमंत्रण पत्र (परिणय पत्र) भेज कर जानकारी दी जाएगी।

विवाह समारोह में उपस्थित होने की पूर्व सूचना से कृपया अवगत करावें। आदरणीय चाचा जी एवं चाची जी को सादर प्रणाम तथा छोटे भाई मयंक को स्नेह।

आपका सदैव शुभाकांक्षी
अभिषेक मिश्रा

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सेवा में,
सचिव महोदय
माध्यमिक शिक्षा मंडल

मध्यप्रदेश भोपाल

विषय :— पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मैंने वर्ष 2012 में हाईस्कूल परीक्षा दी थी किन्तु परीक्षा परिणाम आने पर विज्ञान विषय के प्राप्तांकों से मैं संतुष्ट नहीं हूॅ मैं अपनी उत्तर पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहता हूॅ। पुनर्मूल्यांकन शुल्क रू. 100/— का ड्राफ्ट क्र. 203 संलग्न है। मुझसे संबंधित जानकारी निम्नानुसार है :—

नाम — सुशील वर्मा

पिता का नाम — श्री रामेश्वर वर्मा

माता का नाम — श्रीमती शोभा वर्मा

अनुक्रमांक — 123762355

संस्था क्रमांक — 301326

केन्द्र क्रमांक — 326300

केन्द्र का नाम — शा. शारदा उ.मा.वि., स्टेशन रोड़, होशंगाबाद

दिनांकः 21.10.2011

आवेदक

सुशील वर्मा
म.न. 63, एल.आई.सी.
कॉलोनी होशंगाबाद म.प्र.

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 28. **निबंध लेखन –**

## <u>वन सरंक्षण : महत्व एवं उपयुक्तता</u>

**भूमिका** :– मानव जीवन प्रकृति पर आश्रित है। प्रकृति का किंचित मात्र भी भूभ्रंग मानव के लिये दुःखदायी हो जाता है और प्रकृति की असीम सम्पदा मानव के स्थान की अत्यावश्यक कड़ी है इस प्राकृतिक सम्पदा से वनों का अपना अलग महत्व है इनकी उपयोगिता और महत्व किसी से छिपा नहीं हैं।

**वन संरक्षण क्यों** :– वनों से लाभ और उनके महत्व को ध्यान में रखकर वनों के संरक्षण पर बल दिया जाता है। वनों से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों ही प्रकार के लाभ हैं। वन आर्थिक सम्पदा के मुख्यत स्त्रोत हैं और देश की अर्थव्यवस्था वनों के कच्चे माल पर निर्भर रहती है। वन आक्रमणकारियों से सुरक्षा का कार्य भी करते है। यद्यपि आधुनिक अस्त्रों ने युद्ध की स्थिति बदल दी है परंतु पहले यह मान्यता थी कि वह आक्रमणकारियों से हमारी रक्षा करते हैं। आधुनिक युग में भी हवाई हमलों से बचने हेतु बंकर या खाई बहुधा वनों में ही बनाई जाती थी।

**भारत और वन संरक्षण** :– वन रूपी प्राकृतिक सम्पदा भारत में विशेष रूप से उपलब्ध है और अति प्राचीन काल से यहां से उपयुक्तता को स्वीकार किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद वन संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये। भारतीय वन एक जगह पर सामूहिक रूप से नहीं पाये जाते हैं। इसलिए इनको विकसित करने में प्रशासन को कठिनाई का अनुभव होता है। सरकार ने इस ओर भी ध्यान दिया। देश में वन विज्ञान

की शिक्षा की व्यवस्था की गई और पंचवर्षीय योजना में वनों के विकास हेतु योजनाएं बनाई गई।

**वन संरक्षण हेतु सुझाव :–** वन संरक्षण इस देश के लिये अत्यंत लाभदायक है और इस हेतु जनता को जागरूक बनाया जाना चाहिए। योजना आयोग के अनुसार वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिये राष्ट्र को वन–मस्तिष्कीय बनाना आवश्यक है। नागरिकों को आर्थिक और तकनीकी सहायता दी जानी चाहिए। देश में वृक्षारोपण के कार्य की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। जलाने की लकड़ी वन–संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत घातक है। बहुत से लोग वनों से लकड़ी काटते है और उन्हें ईधन के रूप में जलाते हैं इससे वनों में क्षति होती है।

**उपसंहार :–** वन सरंक्षण के कार्यक्रम और वनों को बढ़ाने के कार्यक्रम दोनों ही इस देश के लिये अत्यंत लाभदायक हैं। इस क्षेत्र में कुछ कार्य किये गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि अधिक से अधिक वृक्षों को लगाया जाए और जो वन उपलब्ध हैं उनके संरक्षण का विशेष रूप से प्रयास किया जाए। अनेक ऐसे कानून बनाये गये है, जिनके फलस्वरूप वनों को क्षति पहुंचाना दण्डनीय अपराध माना जाता है। हमारे देश की अर्थ व्यवस्था बहुत कुछ वनों के संरक्षण पर निर्भर करती है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम वन संरक्षण कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दें। इस दिशा में सरकार और जनता को मिल जुल कर कार्य करना होगा तभी हम अपने देश के आर्थिक विकास में वनों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे।

कुल 7 अंक

**(ब)** **रूपरेखा –**

**विज्ञान का जीवन पर प्रभाव**

1. प्रस्तावना।

2. विज्ञान : एक वरदान, अभिशाप।
3. स्वास्थ्य।
4. कृषि और उद्योग।
5. शिक्षा और मनोरंजन।
6. जीवन उपयोगी सामग्री।
7. उपसंहार।

कुल 3 अंक

**निर्देशः—** निबंध लिखते समय एवं रूपरेखा लिखते समय क्रमबद्धता भूमिका, विवेचना या वर्णन एवं उपसंहार अर्थात मुख्य भाव आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

— — — — —

# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013

## विषय – सामान्य हिन्दी

## कक्षा – दसवीं

## सेट–ए

समय– 3 घंटे                                                                 पूर्णांक– 100

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 x 5 x 5 = 25 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्र. 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न हेतु 2 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्र. 17 से 19 तक प्रत्येक का उत्तर 30 से 75 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 3 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर 75 से 120 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 4 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्र. 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्र. 28 का उत्तर लगभग 200 से 250 शब्दों में निर्धारित है इसके लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है। जिसमें अ में 7 अंक एवं ब में 3 अंक।

---

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए।

1. हिन्दी गजल लेखन के लिए...................प्रसिद्ध है।

   (श्री राम शर्मा / दुष्यंत कुमार)

2. 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन....................ने किया।

(महावीर प्रसाद द्विवेदी / हजारी प्रसाद द्विवेदी)

3. शब्द के बाद जुड़ने वाला शब्दांश............................कहलाता है।

(उपसर्ग / प्रत्यय)

4. भारत के उत्तर में................पर्वत है।

(सतपुड़ा / हिमाचल)

5. संसार में सर्वप्रथम ज्ञान का प्रकाश...............ने फैलाया।

(भारत वर्ष / श्रीनगर)

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :–

1. 'कर्मवीर' कविता के रचयिता का नाम लिखिए।
2. शबरी की कुटिया में कौन आया था?
3. 'टिहरी' शहर में आपाधापी क्यों मची हुई थी?
4. कलिंग की राजेश्वरी का क्या नाम था?
5. हिन्दी भाषा की लिपि को क्या कहते है?

प्रश्न 3. स्तंभ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए –

| | क | – | ख |
|---|---|---|---|
| (1) | इच्छा का पर्यायवाची | – | तुलसीदास |
| (2) | सूखी डाली | – | अभिलाषा |
| (3) | अधिकार का विलोम | – | श्री मन्नारायण अग्रवाल |
| (4) | विनय के पद | – | अनाधिकार |
| (5) | समय नहीं मिला | – | उपकेन्द्रनाथ अश्क |

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में से सत्य / असत्य का चयन कीजिए –

1. भारत के दक्षिणी छोर पर कन्या कुमारी है।
2. 'माटीवाली' शहर से मिट्टी खरीदकर लाती थी।

3. दो वर्णों के मेल को समास कहते है।

4. एकांकी एक अंक का होता है।

5. तुलसीदास का राम से भक्त और भगवान का नाता था।

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) कश्मीरी पेट से बांधते है –

(अ) भट्टी (ब) कांगड़ी

(स) बेल्ट (द) पेटी

(2) मोक्ष शब्द का अर्थ है –

(अ) निर्माण (ब) स्थापना

(स) निर्वाण (द) जन्म

(3) 'नदी' का पर्यायवाची है –

(अ) सरिता (ब) समीर

(स) नवनी (द) तिमिर

(4) तुलसीदास के पिता का नाम था –

(अ) आत्माराम (ब) सीताराम

(स) गोविन्दराम (द) श्यामाचरण

(5) 'कर्मवीर' विघ्न आने पर –

(अ) घबरा जाते है (ब) उकता जाते है

(स) लक्ष्य की तरफ बढ़ते है (द) भाग जाते है

प्रश्न 6. अशोक क्या प्राप्त करना चाहते थे?

अथवा

इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेजी ने कौन सी पुस्तक लिखी थी?

प्रश्न 7. स्वभाव से साधु कौन होते है?

अथवा

तनाव के कारण कौन–कौन से रोग उत्पन्न होते है?

प्रश्न 8. कहानी के तत्वों के नाम लिखिए।

अथवा

नाटक के तत्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न 9. संस्मरण और रेखाचित्र में कोई दो अंतर लिखिए।

अथवा

आत्म कथा और जीवनी में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. मिट्टी में मिलाना।
2. श्री गणेश करना।
3. फूले न समाना।

अथवा

लोकोक्ति और मुहावरे में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। कोई–2

1. मैने हस्ताक्षर कर दिया है।
2. ईश्वर के अनेकों नाम है।
3. मेले में भारी भीड़ थी।

अथवा

पूर्ण विराम का प्रयोग कहां किया जाता है? उदाहरण देकर समझाइये।

प्रश्न 12. (अ) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

1. पानी
2. हवा

(ब) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

1. आय
2. उन्नति

अथवा

(अ) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

1. नाच
2. घर

(ब) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

1. स्वर्ण
2. दुग्ध

प्रश्न 13. निम्नलिखित विग्रहों का समस्त पद बनाइए तथा समास का नाम भी लिखिए।

1. शोक में मग्न
2. महान आत्मा

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए।

1. परमार्थ
2. सदैव

प्रश्न 14. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए।

1. पानी बरस रहा है। (निषेधात्मक)
2. तुम्हें अपना गृह कार्य करना चाहिए। (आदेशात्मक)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए।

1. निरस
2. आर्शीवाद
3. ग्यानी
4. उर्त्तीण

प्रश्न 15. देशज शब्द किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

अथवा

विदेशी शब्द किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 16. 'सत की नाव खेवटिया सतगुरू' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'वह देश कौन सा है?' कविता में 'चरण रत्नेश धो रहा' से कवि का क्या तात्पर्य है।

प्रश्न 17. कवि दिवाकर वर्मा का अमावस्या की कालिमा से क्या तात्पर्य है?

अथवा

राम लक्ष्मण को अपनी कुटिया पर आया हुआ देखकर शबरी की दशा कैसी हो गई है?

प्रश्न 18. वर्षा के आगमन पर धरती में क्या—क्या परिवर्तन होते है? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर्मवीर कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 19. लेखक ने डल झील को कश्मीर की शान क्यों कहा है?

अथवा

द्विवेदी जी ने अपने लिये कौन से चार सिद्धांत निश्चित किये थे? वे कहां तक सफल रहे?

प्रश्न 20. अतिव्यस्तता ने मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

गुरू नानक ने किसान के संबंध में क्या–क्या कहा है? मजदूरी और प्रेम निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. सूखी डाली एकांकी का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अशोक ने कौन सी प्रतिज्ञा की थी? पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न 22. अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे। स्पष्ट कीजिए।

अथवा

विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है। पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. तुम्हारी विरासत कविता हमें क्या संदेश देती है?

अथवा

जलता हुआ प्रश्न चिन्ह किसे कहा गया है?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

पायौ जी मैंनें राम रतन धन पायौ।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरू, किरपा करि अपनायौ।।
जनम–जनम की पूंजी पाई, जग में सबे खौवायौ।
खरचे नहि कोई चोर न लेवे, दिन–दिन बढ़त सवायौ।।

अथवा

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है,
नाव जर्जर ही सही लहरों से टकराती तो है।
एक चिनगारी कहीं से ढूंढ़ लाओ दोस्तों,
इस दिए में तेल से भींगी हुई बाती तो है।।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

'अंग्रेजी पढ़ना खराब नहीं है पर अंग्रेजी पढ़कर अंग्रेज हो जाना खराब है। अंग्रेजी पढ़कर अपने देश, भाषा एवं संस्कृति को भूल जाना खराब है। आज के अधिकतर सज्जन जो अंग्रेजी पढ़ते है, अपने देश की प्रत्येक वस्तु को असम्मान की भावना से देखते है, उसकी आलोचना करते हैं।

प्रश्न 1. आजकल अंग्रेजी पढ़कर लोग क्या भूल जाते है?

प्रश्न 2. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 3. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

वन–उपवन पनप गए सब,
कितने नव अंकुर आए।
वे पीले–पीले पल्लव,
फिर से हरियाली लाए।
वन में मयूर अब नाचें,
हंस–हंस आनन्द मनाएं।

उनकी छवि देख रही है,
नभ की घनघोर घटाएं।

प्रश्न 1. प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. मोर अपनी प्रसन्नता किस प्रकार व्यक्त करता है?

प्रश्न 3. आकाश से बरसाती बादल कौन सा दृश्य देख रहे है?

प्रश्न 4. 'मोर' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

प्रश्न 5. हरियाली का आगमन किस प्रकार हुआ?

प्रश्न 27. अपने भाई के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

अथवा

सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल को हाईस्कूल परीक्षा के विज्ञान विषय के अंकों की पुनर्गणना के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200–250 शब्दों में निबंध लिखिए।

1. वन संरक्षण – महत्व एवं उपयुक्तता
2. मूल्यवृद्धि एक ज्वलंत समस्या
3. विद्यार्थी और अनुशासन
4. समाचार पत्र की उपयोगिता
5. साहित्य और समाज
6. विज्ञान का जीवन पर प्रभाव

(ब) उपरोक्त शेष निबंधों में से किसी एक निबंध की रूपरेखा लिखिए।

– – – – – –

# <u>आदर्श उत्तर</u>
## विषय – सामान्य हिन्दी
## कक्षा – दसवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. रिक्त स्थान की पूर्ति –

1. दुष्यंत कुमार
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी
3. प्रत्यय
4. हिमालय
5. भारतवर्ष

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 2. एक वाक्य में उत्तर –

1. कर्मवीर कविता के रचयिता अयोध्या सिंह उपाध्याय हरि औध है।
2. शबरी की कुटिया में राम लक्ष्मण आये थे।
3. टिहरी बांध की दो सुरंगों को बंद करने के कारण शहर में पानी भरने लगा जिससे टिहरी शहर में आपाधापी मची हुई थी।
4. कलिंग की राजेश्वरी का नाम अमिता था।
5. हिन्दी भाषा की लिपि को देवनागरी लिपि कहते है।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 3. सही जोडियां बनाना –

| | **क** | – | **ख** |
|---|---|---|---|
| (1) | इच्छा का पर्यायवाची | – | अभिलाषा |
| (2) | सूखी डाली | – | उपकेन्द्रनाथ अश्क |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (3) | अधिकार का विलोम | – | अनाधिकार |
| (4) | विनय के पद | – | तुलसीदास |
| (5) | समय नहीं मिला | – | श्री मन्नारायण अग्रवाल |

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 4. सत्य/असत्य का चयन –

(1) सत्य।

(2) असत्य।

(3) असत्य।

(4) सत्य।

(5) सत्य।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 5. सही विकल्प का चयन –

1. कांगड़ी
2. निर्वाण
3. सरिता
4. आत्माराम
5. लक्ष्य की तरफ बढ़ते है।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. अशोक सम्पूर्ण पृथ्वी को जीतना चाहते थे। वे विश्व विजयी सम्राट बनना चाहते थे।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने तृतीय रीडर समालोचना नाम की पुस्तक लिखी।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. मजदूरी और प्रेम निबंध में लेखक ने बताया है कि हल चलाने वाले और भेड़ चराने वाले प्रायः स्वभाव से साधु होते है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

तनाव के कारण उच्च रक्तचाप, सिर दर्द, पेप्टिक अल्सर, ह्दय रोग आदि रोग उत्पन्न होते है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. कहानी के तत्व निम्नलिखित है –

1. कथानक
2. संवाद
3. देशकाल और वातारण
4. भाषा शैली
5. पात्र और चरित्र चित्रण
6. उद्देश्य

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

नाटक के तत्व –

1. कथानाक
2. पात्र और चरित्र चित्रण

3. संकलन त्रय
4. अभिनयेता
5. संवाद
6. भाषा शैली
7. देशकाल वातावरण
8. उद्देश्य।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. संस्मरण व रेखाचित्र में अंतर –

| सं.क्र. | संस्मरण | रेखाचित्र |
|---|---|---|
| 1 | संस्मरण किसी महान व्यक्ति या घटना के संबंध में लिखा जाता है। | रेखाचित्र किसी भी व्यक्ति वस्तु या घटना का चित्रण होता है। |
| 2 | संस्मरण में चिंतन की गहराई होती है। | रेखाचित्र में शब्द चित्रों का महत्व होता है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

आत्मकथा और जीवनी में अंतर –

| सं.क्र. | आत्मकथा | जीवनी |
|---|---|---|
| 1 | आत्मकथा लेखक के द्वारा स्वयं ही लिखी जाती है। | जीवनी अन्य लेखक के द्वारा लिखी जाती है। |
| 2 | आत्मकथा में लेखक स्वयं के बारे में लिखता है। उसमें उसके व्यक्तिगत अनुभव रहते है। | जीवनी में लेखक किसी दूसरे व्यक्ति के बारे में लिखता है। उसमें किसी अन्य व्यक्ति का |

| | | |
|---|---|---|
| | | चरित्र चित्रण किया जाता है। |
| 3 | आत्म कथा लिखकर लेखक आत्म परिष्कार एवं आत्म परीक्षण करना चाहता है। | जीवनी में लेखक अपने नायक के जीवन का वर्णन सत्य घटनाओं के आधार पर करता है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. मुहावरों का अर्थ एवं वाक्य प्रयोग –

1. मिट्टी में मिलाना – नष्ट करना।

   प्रयोग– मोहनदास ने अपने पड़ौस में रहने वाले ठाकुर परिवार को पुश्तैनी दुश्मनी के कारण मिट्टी में मिला दिया।

2. श्री गणेश करना – आरंभ करना।

   प्रयोग– किसी भी कार्य का श्रीगणेश गणपति पूजन से होता है।

3. फूल न समाना – अत्यधिक प्रसन्न होना।

   प्रयोग– जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सीमा फूली न समाई।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

लोकोक्ति व मुहावरों में अंतर –

| **सं.क्र.** | **लोकोक्ति** | **मुहावरे** |
|---|---|---|
| 1 | लोकोक्ति पूर्ण कथन होती है। | मुहावरा वाक्यांश होता है। |
| 2 | लोकोक्ति में जीवन का कोई सत्य उद्घाटित होता है। | मुहावरे में ये बंधन नहीं होता है। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. शुद्ध वाक्य –

1. मैंने हस्ताक्षर कर दिए है।
2. ईश्वर के अनेक नाम है।
3. मेले में बहुत भीड़ थी।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पूर्ण विराम – वाक्य के पूरा होने पर अथवा वाक्य के अंत में अधिक देर ठहरने के लिए पूर्ण विराम चिन्ह (।) का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण – वह स्कूल जा रहा है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. (अ) पर्यायवाची शब्द –

1. पानी – जल, नीर, वारि।
2. हवा – वायु, समीर, पवन।

(ब) विलोम शब्द –

1. आय – व्यय
2. उन्नति – अवनति

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

(अ) तत्सम शब्द –

1. नाच – नृत्य
2. घर – गृह

(ब) तद्भव शब्द –

1. स्वर्ण – सोना
2. दुग्ध – दूध

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13. समास विग्रह –

1. शोक में मग्न – शोक मग्न – तत्पुरूष समास
2. महान आत्मा – महात्मा – कर्मधारय समास

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

संधि विच्छेद –

1. परम+अर्थ = परमार्थ – दीर्घ स्वर संधि।
2. सदा+एव = सदैव – वृद्धि स्वर संधि।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. वाक्य परिवर्तन –

1. पानी नहीं बरस रहा है।
2. तुम अपना गृह कार्य करो।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

शुद्ध रूप –

1. नीरस
2. ज्ञानी
3. आशीर्वाद

4. उत्तीर्ण

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. देशज शब्द – जो शब्द बोलियों के आधार पर आवश्यकतानुसार बना लिए जाते है, उन्हें देशज शब्द कहते है।

उदा.– खटखट, पेड़, थैला।

**उपरोक्तानुसार उत्तर लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

विदेशी शब्द – अन्य भाषाओं से लेकर जिन शब्दों का प्रयोग हिन्दी में किया जाता है वे विदेशी शब्द कहलाते है।

उदा.– स्कूल, किताब, आदि।

**उपरोक्तानुसार उत्तर लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. मीरा बाई के अनुसार सत की नाव खेने वाला सतगुरू ही होता है। उनके द्वारा ही सत्य पर चलने का मार्ग दिखाया जाता है। संसार की कठिनाईयां भी सतगुरू के द्वारा ही पार करने में मीरा समर्थ हो सकी है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वह देश कौन सा है? में चरण रत्नेश धो रहा है, से कवि का तात्पर्य है कि भारत के दक्षिण में समुद्र लहरा रहा है जो देश की रक्षा करते हुए गर्जन कर रहा है। भारत देश को मां का दर्जा प्राप्त है। अतः सागर के द्वारा चरण धोने से आशय भारत माता का सम्मान करने से है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. कवि दिवाकर वर्मा कहते है कि जिस प्रकार अमावस्या की रात को चन्द्रमा आकाश में दिखाई नहीं देता जिसके कारण संसार में कालिमा छा जाती है उसी प्रकार आज समाज में ईर्ष्या द्वेष और अविश्वास का का अंधकार फैला हुआ है, प्रेम व प्यार कहीं भी दिखाई नहीं देता इसलिए ऐसे काल में कवि को अमावस्या की कालिमा दिखाई दे रही है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

राम–लक्ष्मण को अपनी कुटिया पर आया हुआ देखकर शबरी ने अपनी सुध बुध खो दी। शबरी अत्यंत भाव विभोर हो गई। उसकी वाणी अवरूद्ध हो गई उसे परम शांति का अनुभव हुआ वह अधीरता से प्रभु चरणों को पकड़ कर बार–बार देखने लगी।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. बरखा गीत कविता में कवि के अनुसार वर्षा के आगमन पर मुरझाई धरती हरी–भरी हो जाती है। तालाबों में जल भर जाता है। आकाश में बदली छाई रहती है। रेगिस्तान भी वर्षा से गीला हो जाता है। वृक्षों के पत्ते हरे भरे और सघन हो जाते है। सखियां कजरी गाते हुए आनंदित होती है। सर्वत्र हरियाली और खुशहाली दिखाई देती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

कर्मवीर कविता में कवि कहता है कि मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिए, बल्कि साहस के साथ सामना करना चाहिए भाग्य के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कर्मठ, निडर, श्रमशील एवं संघर्षशील होना चाहिए तभी व्यक्ति सफल बनता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. लेखक ने डल झील को कश्मीर की शान कहा है क्योंकि जैसे ही वह पहाड़ी से उतरकर सड़क पर आया तो सामने डल झील में तैरते बाग, बाजार और उनके चारों ओर की पहाड़ियों के निराले दृश्य बड़े ही मनोहारी दिखाई दे रहे थे। चारों ओर बर्फ से आच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं उसके सौन्दर्य में चार चांद लगा देती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

द्विवेदी जी ने अपने लिये चार सिद्धांत निश्चित किए –

1. वक्त की पाबंदी।
2. रिश्वत न लेना।
3. अपना काम ईमानदारी से करना।
4. ज्ञानवृद्धि के लिए सतत् प्रयास करना।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. अति व्यस्तता के कारण मनुष्य को किसी चीज की फुरसत नहीं मिलती है। फुरसत मिलती भी है तो सिर्फ तनाव, चिन्ता के लिए। इसका फल यह होता है कि शरीर विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

गुरूनानक ने किसानों को प्रकृति के जवान साधु कहा है। जब वे इन फकीरों को देखते है तो उन्हें लगता है कि नंगे पांव, कमर में लंगोटी, सिर पर टोपी, एक लंबी लाठी लिए गांवों के मित्र हैं। वे किसानों को सबका अन्नदाता, भूखे नंगों का पालने वाला अनुभव करते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21. इस एकांकी में पारिवारिक अन्तर्द्वन्द्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। जिस प्रकार वट वृक्ष की छाया शीतल और सुखद होती है, उसी प्रकार संयुक्त परिवार में जो मुखिया होता है। वह भी परिवार में सुख शांति बनाए रखता है। क्योंकि परिवार का कोई भी सदस्य परिवार से अलग होकर नीरस सूखी डाली की तरह हो जाता है। अतः उसे परिवार से अलग होने से रोकना चाहिए।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

अशोक ने प्रतिज्ञा की थी कि वह अब से किसी की कोई चीज छीनेगा नहीं न ही किसी को मारेगा। वह हिंसा का मार्ग छोड़कर कलिंग की महारानी की भांति प्रेम से संसार के हृदय को जीतने का प्रयास करेगा, प्रेम से लोगों का दिल जीतेगा।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. योगी अरविन्द ने विचारों और कर्मों को अपने जीवन में समरूप उतारा था। उनके विचार और कर्म का परस्पर समन्वय था। अरविन्द जब बड़ौदा में साधना मय जीवन की ओर जा रहे थे तब भी उनमें दिव्य तेज था। एक बार वे गुरू की तलाश में थे। वे नर्मदा के किनारे रंगनाथ में गंगा मठ के स्वामी ब्रह्मानंद के दर्शन करने गये। स्वामी जी किसी की ओर नहीं देखते थे। जब अरविन्द उनके सामने पहुंचे तो स्वामी ब्रह्मानंद उन्हें एकटक बहुत देर तक देखते ही रहे। दिव्य तेज वाले अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है। विद्वान को सत्य का ज्ञान हो जाता है उसे पता लग जाता है कि अहंकार विनाश की जड़ है। अहंकारी का विवेक

अहं की आग से प्रभावित होता रहता है। उसे शांतिपूर्वक विचार करने का अवसर नहीं मिलता, जबकि विनम्रता शांति, प्रेम और भाईचारा स्थापित करती है। इससे विवेक और अधिक गंभीर विचार करने में सहायता मिलती है इसलिए विद्वता की शोभा विनम्रता मानी गई है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. 'तुम्हारी विरासत' कविता का सार यह है कि हमें सदैव आशावादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और आंतरिक जिजीविषा को जाग्रत रखना चाहिए। हर रात के बाद सुबह अवश्य होती है अर्थात निराशा के गहरे अंधकार में भी कभी न कभी आशा रूपी सूर्य की किरण से प्रकाश दिखाई देगा। कवयित्री के अनुसार जिस प्रकार सन्नाटे में भी हमें किसी न किसी के आगमन अथवा पैरों की आहट सुनने की इच्छा जाग्रत रहती है और हमें जिन्दगी का आभास कराती है ठीक उसी तरह हमें प्रत्येक विषम और विकट परिस्थिति में भी धैर्य नहीं खोना चाहिए और आशावादी दृष्टिकोण के साथ विपत्तियों से डटकर मुकाबला करना चाहिए। कवयित्री के अनुसार हमें मिला जीवन ही हमारी विरासत है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जलता हुआ चिह्न बल्ब के लिए प्रयुक्त किया गया है। क्योंकि बल्ब के द्वारा ही उस मकान में रहने वाले के अस्तित्व का बोध होता है। विदेशों में एक दूसरे को पहचानने वाला भी कोई नहीं होता, दरवाजा खटखटाने वाला विदेश में कोई नहीं होता, मात्र बल्ब ही अपने मालिक के रहने न रहने की सूचना देता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या –

**संदर्भः—** प्रस्तुत पंक्तियां मीरा बाई द्वारा रचित 'मीरा पदावली' कविता से ली गई है।

**प्रसंग :—** राम नाम की महत्ता का वर्णन किया है।

**व्याख्या :—** मीरा बाई कहती है कि मैने रामरूपी रत्न धन प्राप्त कर लिया है। यह बहुमूल्य वस्तु मेरे गुरू ने कृपा करके मुझे दी है। जिसे मैंने तन—मन से ग्रहण किया है। यह वह संपत्ति है जिसके लिए मैं जन्म—जन्मान्तरों से लालायित थी। इसे प्राप्त कर सांसारिक बंधन से मुक्त हो गई है। वह पूंजी न खर्च होती है न ही चोर इसे चुरा सकता है अपितु वह दिन—दिन बढ़ता ही जाता है।

**विशेष :—**

1. शांत रस, गेयपद, भाषा— ब्रज, गुजराती, राजस्थानी।
2. सद्गुरू की महिमा का गुणगान।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

**संदर्भः—** प्रस्तुत पंक्तियां सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार दुष्यंत द्वारा रचित 'इस नदी की धार में' शीर्षक से अवतरित है।

**प्रसंगः—** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने जर्जर और विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों में युवकों को हिम्मत बनाए रखने का प्रोत्साहन दिया है।

**व्याख्याः—** नदी की धारा बहुत तेज है। उसमें बहुत ज्यादा प्रवाह है और अधिक उफान है। फिर भी उससे सुखद और आनंददायक ठंडी—ठंडी हवा तो स्पर्श करती रहती है। इस नदी की ऊंची—ऊंची लहरों से जब नाव टक्कर लेती है तो वह तारीफ के काबिल है। कवि कहता है कि अभी एक उम्मीद की किरण बाकी है यदि कहीं से एक चिनगारी मिल जाती है तो इस दिए की बाती को जलाकर रोशनी कर सकती है। अर्थात् वर्तमान की विषम परिस्थितियों में धैर्य पूर्व कार्य करना ही श्रेयष्कर है।

**विशेषः—**

1. उर्दू शब्दों की प्रधानता।
2. शैली मार्मिक है।
3. वीर रस।
4. विषम परिस्थितियों में उत्साह कायम रखने का आव्हान।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 25. अपठित गद्यांश के उत्तर —

उत्तर 1. अंग्रेजी पढ़कर लोग अपने देश, भाषा एवं संस्कृति को भूल जाते है।

उत्तर 2. भारतीय संस्कृति की अवहेलना करना व अपने बाह्य प्रदर्शन का ढ़ोंग रचकर श्रेष्ठता प्रदर्शित करना आडम्बर बन गया है। अंग्रेजी का ज्ञान सही है परंतु उसका दिखावा गलत है।

उत्तर 3. ''अंग्रेजी का वर्चस्व एवं भारतीय संस्कृति का हनन''।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 26. अपठित पद्यांश के उत्तर :—

उत्तर 1. पावस ऋतु या वर्षा ऋतु।

उत्तर 2. मोर अपनी प्रसन्नता नृत्य करके व्यक्त कर रहे है।

उत्तर 3. आकाश से बरसाती बादल वन उपवन में नए नए अंकुर पीले—पीले पत्ते, हरियाली तथा मोर के सुंदर नृत्य का दृश्य देख रहे है।

उत्तर 4. मयूर, केकी।

उत्तर 5. पेड़ पौधों में नव अंकुर और पीले—पीले पत्तों के निकलने से हरियाली का आगमन हुआ।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 27.

## पत्र लेखन

सी–58, आकाश अपार्टमेंट
ए.वी. रोड़ इन्दौर
दिनांक 20.09.2013

प्रिय मित्र,

मनमोहन, सप्रेम नमस्ते।

यहां पर सभी स्वस्थ्य एवं सानंद है आपकी कुशलता की सदैव ईश्वर से प्रार्थना करता रहता हूॅं। इधर काफी समय से आपका कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ। अतः आपकी कुशलता के समाचार ज्ञात नहीं हो सके।

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मेरे बड़े भाई साहब आदरणीय श्री रविकान्त जी का शुभ विवाह दिनांक 26.12.2013 को होना निश्चित हुआ है। विवाह के इस शुभ अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है। विवाह में होने वाले सभी मांगलिक कार्यक्रमों की जानकारी के लिये आपको आमंत्रण पत्र (परिणय पत्र) भेज कर जानकारी दी जाएगी।

विवाह समारोह में उपस्थित होने की पूर्व सूचना से कृपया अवगत करावें। आदरणीय चाचा जी एवं चाची जी को सादर प्रणाम तथा छोटे भाई मयंक को स्नेह।

आपका सदैव शुभाकांक्षी
अभिषेक मिश्रा

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सेवा में,
सचिव महोदय
माध्यमिक शिक्षा मंडल

मध्यप्रदेश भोपाल

विषय :– पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मैंने वर्ष 2012 में हाईस्कूल परीक्षा दी थी किन्तु परीक्षा परिणाम आने पर विज्ञान विषय के प्राप्तांकों से मैं संतुष्ट नहीं हूॅ मैं अपनी उत्तर पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहता हूॅ। पुनर्मूल्यांकन शुल्क रू. 100/– का ड्राफ्ट क्र. 203 संलग्न है। मुझसे संबंधित जानकारी निम्नानुसार है :–

नाम – सुशील वर्मा
पिता का नाम – श्री रामेश्वर वर्मा
माता का नाम – श्रीमती शोभा वर्मा
अनुक्रमांक – 123762355
संस्था क्रमांक – 301326
केन्द्र क्रमांक – 326300
केन्द्र का नाम – शा. शारदा उ.मा.वि., स्टेशन रोड़, होशंगाबाद

दिनांकः 21.10.2011

आवेदक

सुशील वर्मा
म.न. 63, एल.आई.सी.
कॉलोनी होशंगाबाद म.प्र.

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 28. **निबंध लेखन –**

## वन सरंक्षण : महत्व एवं उपयुक्तता

**भूमिका :–** मानव जीवन प्रकृति पर आश्रित है। प्रकृति का किंचित मात्र भी भूभ्रंग मानव के लिये दुःखदायी हो जाता है और प्रकृति की असीम सम्पदा मानव के स्थान की अत्यावश्यक कड़ी है इस प्राकृतिक सम्पदा से वनों का अपना अलग महत्व है इनकी उपयोगिता और महत्व किसी से छिपा नहीं हैं।

**वन संरक्षण क्यों :–** वनों से लाभ और उनके महत्व को ध्यान में रखकर वनों के संरक्षण पर बल दिया जाता है। वनों से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों ही प्रकार के लाभ हैं। वन आर्थिक सम्पदा के मुख्यत स्त्रोत हैं और देश की अर्थव्यवस्था वनों के कच्चे माल पर निर्भर रहती है। वन आक्रमणकारियों से सुरक्षा का कार्य भी करते है। यद्यपि आधुनिक अस्त्रों ने युद्ध की स्थिति बदल दी है परंतु पहले यह मान्यता थी कि वह आक्रमणकारियों से हमारी रक्षा करते हैं। आधुनिक युग में भी हवाई हमलों से बचने हेतु बंकर या खाई बहुधा वनों में ही बनाई जाती थी।

**भारत और वन संरक्षण :–** वन रूपी प्राकृतिक सम्पदा भारत में विशेष रूप से उपलब्ध है और अति प्राचीन काल से यहां से उपयुक्तता को स्वीकार किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद वन संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये। भारतीय वन एक जगह पर सामूहिक रूप से नहीं पाये जाते हैं। इसलिए इनको विकसित करने में प्रशासन को कठिनाई का अनुभव होता है। सरकार ने इस ओर भी ध्यान दिया। देश में वन विज्ञान

की शिक्षा की व्यवस्था की गई और पंचवर्षीय योजना में वनों के विकास हेतु योजनाएं बनाई गई।

**वन संरक्षण हेतु सुझाव** :— वन संरक्षण इस देश के लिये अत्यंत लाभदायक है और इस हेतु जनता को जागरूक बनाया जाना चाहिए। योजना आयोग के अनुसार वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिये राष्ट्र को वन—मस्तिष्कीय बनाना आवश्यक है। नागरिकों को आर्थिक और तकनीकी सहायता दी जानी चाहिए। देश में वृक्षारोपण के कार्य की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। जलाने की लकड़ी वन—संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत घातक है। बहुत से लोग वनों से लकड़ी काटते है और उन्हें ईधन के रूप में जलाते हैं इससे वनों में क्षति होती है।

**उपसंहार** :— वन सरंक्षण के कार्यक्रम और वनों को बढ़ाने के कार्यक्रम दोनों ही इस देश के लिये अत्यंत लाभदायक हैं। इस क्षेत्र में कुछ कार्य किये गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि अधिक से अधिक वृक्षों को लगाया जाए और जो वन उपलब्ध हैं उनके संरक्षण का विशेष रूप से प्रयास किया जाए। अनेक ऐसे कानून बनाये गये है, जिनके फलस्वरूप वनों को क्षति पहुंचाना दण्डनीय अपराध माना जाता है। हमारे देश की अर्थ व्यवस्था बहुत कुछ वनों के संरक्षण पर निर्भर करती है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम वन संरक्षण कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दें। इस दिशा में सरकार और जनता को मिल जुल कर कार्य करना होगा तभी हम अपने देश के आर्थिक विकास में वनों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे।

कुल 7 अंक

**(ब)** **रूपरेखा** —

**विज्ञान का जीवन पर प्रभाव**

1. प्रस्तावना।

2. विज्ञान : एक वरदान, अभिशाप।
3. स्वास्थ्य।
4. कृषि और उद्योग।
5. शिक्षा और मनोरंजन।
6. जीवन उपयोगी सामग्री।
7. उपसंहार।

कुल 3 अंक

**निर्देशः–** निबंध लिखते समय एवं रूपरेखा लिखते समय क्रमबद्धता भूमिका, विवेचना या वर्णन एवं उपसंहार अर्थात मुख्य भाव आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

– – – – –

# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013

## विषय – सामान्य हिन्दी

## कक्षा – दसवीं

## सेट–सी

समय– 3 घंटे पूर्णांक– 100

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 x 5 x 5 = 25 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्र. 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न हेतु 2 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्र. 17 से 19 तक प्रत्येक का उत्तर 30 से 75 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 3 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर 75 से 120 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 4 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्र. 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्र. 28 का उत्तर लगभग 200 से 250 शब्दों में निर्धारित है इसके लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है। जिसमें अ में 7 अंक एवं ब में 3 अंक।

---

प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. ..................के आगमन से धरती हरियाली से भर जाती है।

(वर्षा / धूप)

2. आदमी की पीर की तुलना कवि ने ................की है।

(खंडहर और जंगली फलों से / नदियों से)

3. .............स्वभाव से साधु होते है।

(हल चलाने वाले / फल खाने वाले)

4. .............दीर्घ जीवन का मुख्य सूत्र है।

(मुस्कुराना / रोना)

5. ..............सूर्य का पर्यायवाची है।

(दिनकर / शशि)

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :–

1. नदी की धार से कवि का क्या आशय है?
2. मीरा के प्रभु कौन है?
3. लेखक किन लोगों को मुबारकबाद देना चाहता था?
4. 'आदि' शब्द का विलोम लिखिये।
5. अरविन्द का जन्म कब और कहां हुआ?

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में से सत्य / असत्य का चयन कीजिए –

1. शबरी ने राम और लक्ष्मण को खाने के लिये मीठे बेर दिये।
2. महाकवि माघ को अपनी विद्वता का अभिमान था।
3. 'राम रोज स्कूल जाता है' सरल वाक्य है।
4. 'अनूत्तीर्ण' शब्द शुद्ध लिखा गया है।
5. ईद का चांद होना का अर्थ है रोज मिलना।

प्रश्न 4. स्तभ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए –

| | क | – | ख |
|---|---|---|---|
| (1) | तुलसीदास | – | राम और लक्ष्मण |
| (2) | शबरी की कुटिया में | – | अपकार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (3) | उपकार | – | विनय के पद |
| (4) | भारत का उत्तरी छोर | – | कहानी |
| (5) | गद्य की विद्या | – | हिमालय |

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) विश्वगुरू की उपाधि से विभूषित किया गया है –

(अ) जापान को (ब) अमेरिका को

(स) भारत को (द) चीन को

(2) कवयित्री अन्धेरे से छीन लाई है –

(अ) आशा की किरण (ब) विश्वास

(स) सूर्य (द) चन्द्रमा

(3) धर्म का मथा हुआ सार है –

(अ) स्वयं को ऊंचा उठाने में (ब) दूसरों को ऊंचा उठाने में

(स) दूसरों को गिराने में (द) स्वयं को गिराने में।

(4) सम्राट अशोक प्राप्त करना चाहते थे –

(अ) सोना–चांदी (ब) कपड़े

(स) कलिंग का राज सिंहासन (द) बहुत सी जमीन

(5) दिक्+अम्बर में संधि है –

(अ) स्वर संधि (ब) विसर्ग संधि

(स) व्यंजन संधि (द) दीर्घ संधि

प्रश्न 6. संस्कृति से लेखक का क्या आशय है?

अथवा

अमिता के किस उत्तर ने अशोक का ह्रदय परिवर्तन कर दिया?

प्रश्न 7. किसान को ब्रह्मा के सामन क्यों माना गया है?

अथवा

सुबह जल्दी उठने से क्या लाभ होता है?

प्रश्न 8. हिन्दी गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए।

अथवा

कहानी किसे कहते है? किसी एक कहानी और उसके कहानीकार का नाम लिखिए।

प्रश्न 9. नाटक एवं एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए।

अथवा

रेखाचित्र किसे कहते है? किसी एक रेखाचित्र एवं उसके रेखाचित्रकार का नाम लिखिए।

प्रश्न 10. तत्सम शब्द किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

पृथ्वी, वायु, चन्द्रमा

प्रश्न 11. रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते है?

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। कोई दो।

ज्ञानी, दुर्लभ उत्थान, सक्षम, एक

प्रश्न 12. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिये एक शब्द लिखिए।

1. बहुत बोलने वाला।
2. जिसका पार न हो।
3. आने वाला समय।
4. पति–पत्नि का जोड़ा।

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश में उचित विराम चिन्ह लगाइये –

लहनासिंह ने कटोरा उसके मुंह में लगाकर पूछा कहा कैसे हो पानी पीकर बोधा बोला कंपकपी छूट रही है दांत बज रहे है।

प्रश्न 13. निम्नलिखित वाक्यों को उनके सामने दिये गये निर्देशानुसार परिवर्तित कर लिखिए। कोई–2

1. राम तुम स्कूल जाओ। (नकारात्मक)
2. पार्थ खेल रहा है। (प्रश्नवाचक)
3. बुरे आदमी चोरी करते है। (मिश्रित वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। कोई–2

1. वह रोगी बीमार है।
2. श्रीराम के अनेकों नाम है।
3. गुफा में बड़ा अंधेरा है।

प्रश्न 14. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए। कोई–2

1. हाथ पीले करना।
2. आकाश पाताल एक करना।

3. घी के दिये जलाना।

अथवा

मुहावरे एवं लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट कीजिए। कोई–2

प्रश्न 15. निम्नलिखित तत्सम शब्दों को तद्भव शब्दों में परिवर्तित कर लिखिये –
अंगुष्ठ, अक्षि, अग्र, कंटक।

अथवा

निम्नलिखित देशज शब्दों को आगत या विदेशी शब्दों में परिवर्तित कर लिखिये।
झोला, कतरनी, वैद्य, फटफटिया।

प्रश्न 16. मीरा ने 'रामरतन धन' को अमोलक क्यों कहा है?

अथवा

कर्मवीर मनुष्य की विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 17. कवि ने 'भारत को संसार का शिरोमणि' क्यों कहा है?

अथवा

वर्षा के आगमन पर धरती में क्या–क्या परिवर्तन होता है?

प्रश्न 18. कवि चारो दिशाओं में जलन क्यों अनुभव करता है?

अथवा

'शब्द समूह खो गया है' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. द्विवेदी जी ने अपने लिये कौन से चार सिद्धांत निश्चित किये। वे उनका पालन करने में कहां तक सफल हुए?

अथवा

संयुक्त परिवार का प्रतीक ‘सूखी डाली’ एकांकी में किसे बताया है? उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 20. कश्मीर के बारे में पौराणिक और ऐतिहासिक बाते कही गई है। उल्लेख कर लिखिए।

अथवा

धन और जीवन को क्षण भंगुर कहा गया है क्यों?

प्रश्न 21. प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है। स्पष्ट कीजिए।

अथवा

‘सादा जीवन उच्च विचार’ का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 22. ‘एक चिंगारी कहीं से ढूंढ लाओ दोस्तों’ इस पंक्ति से कवि का क्या आशय है?

अथवा

वर्तमान स्थिति में मानव संबंध के बारे में कवि के विचार स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है। इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

जाके प्रिय न राम बैदेही।
तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जदपि परम सनेही
तज्यो पिता प्रहलाद, विभीषण बंधु भरत महतारी
बलि गुरू तज्यो कंत ब्रज वनिता, भए मुद मंगलकारी।

अथवा

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है,
नाव जर्जर ही सही, लहरों से टकराती तो है।
एक चिनगारी कहीं से ढूंढ़ लाओ दोस्तों,
इस दिए में तेल से भीगी हुई बाती तो है।।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सृष्टि में सूर्य, चन्द्रमा, तारे, ऋतु, प्रातः संध्या आदि को नियमित रूप से आते जाते देखकर स्पष्ट हो जाता है कि सृष्टि के मूल में एक सुनियोजित व्यवस्था कार्य कर रही है। ये सभी तत्व अनुशासन में बंध कर चलते है। यही कारण है कि उनके कार्यकलापों में किंचित मात्र भी अंतर नहीं हो पाता है। यह प्रकृति ही हमें अनुशासन सिखाती है। अनुशासन बंधन नहीं है। समय स्थान व परिस्थितियों के अनुरूप सामान्य नियम का पालन ही अनुशासन है।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
प्रश्न 2. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।
प्रश्न 3. प्रकृति हमें क्या सिखाती है?

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

चारू चंद्र की चंचल किरणें,
खेल रही है जल थल में।
स्वच्छ चांदनी बिछी हुई है,
अवनि और अंबर तल में।

प्रश्न 1. प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
प्रश्न 2. रेखांकित पंक्तियों का अर्थ लिखिए।
प्रश्न 3. स्वच्छ चांदनी कहां बिछी है?

प्रश्न 27. अपने मित्र को अपने बड़े भाई के विवाह में निमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

अथवा

छात्रावास में अच्छा भोजन न मिलने की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य को शिकायती पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए।

1. कम्प्यूटर आज की आवश्यकता
2. प्रदूषण की समस्या
3. आतंकवाद एक ज्वलंत समस्या
4. मेरी मनोरम यात्रा
5. बेटियां : हमारे आंगन की शोभा
6. शाला का वार्षिकोत्सव
7. यदि मैं प्रधानमंत्री होता

(ब) उपरोक्त विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।

— — — — — —

# <u>आदर्श उत्तर</u>

## विषय – सामान्य हिन्दी

## कक्षा – दसवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. रिक्त स्थान की पूर्ति –

1. वर्षा
2. खंडहर और जंगली फूलों से
3. हल चलाने वाले
4. मुस्कुराना
5. दिनकर

**प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 2. एक वाक्य में उत्तर –

1. नदी की धार से कवि का आशय निरंतर चलने वाला जीवन है
2. मीरा के प्रभु श्रीकृष्ण है
3. लेखक जो समय का सदुपयोग करते है उन्हें मुबारकबाद देना चाहता है।
4. आदि शब्द का विलोम अन्त है।
5. अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 ई. में कलकत्ता में हुआ था

**प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 3. सत्य/असत्य का चयन –

(1) सत्य।

(2) सत्य।

(3) सत्य।

(4) असत्य।

(5) असत्य।

**प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 4. सही जोडियां बनाना –

| | क | – | ख |
|---|---|---|---|
| (1) | तुलसीदास | – | विनय के पद |
| (2) | शबरी की कुटिया में | – | राम और लक्ष्मण |
| (3) | उपकार | – | अपकार |
| (4) | भारत का उत्तरी छोर | – | हिमालय |
| (5) | गद्‌य की विद्या | – | कहानी |

**प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 5. सही विकल्प का चयन –

1. भारत को
2. आशा की किरण
3. स्वयं का ऊंचा उठाने में
4. कलिंग का राज सिंहासन
5. व्यंजन संधि।

**प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. हमारी संस्कृति ही हमारे जीवन का ढंग है। मनुष्य के भूत, वर्तमान और भावी जीवन की संपूर्णता का आधार ही संस्कृति है। लेखक ने संस्कृति को मनुष्य का मन, प्राण और शरीर निरूपित किया है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सम्राट अशोक ने कहा कि महारानी अपने बंदी अशोक को आदेश दे। तब अमिता ने उत्साह से उत्तर दिया– ‘‘हमारा आदेश है किसी से छीनों मत। किसी को डराओं मत। किसी को मारो मत। अमिता के इसी उत्तर ने अशोक का ह्रदय परिवर्तित कर दिया।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. ब्रह्मा यदि मानव की सृष्टि करता है तो किसान भी अन्न पैदा करता है। किसान अन्न में, फूल में, फल में आहुति हुआ सा दिखई देता है। ब्रम्हाहुति से जगत हुआ है। इसलिए किसान को ब्रह्मा के समान माना गया है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सुबह जल्दी उठने से सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि हम पर्याप्त समय बचा सकते हैं। हमारा वक्त जाया नहीं होगा। समय का भरपूर उपयोग कर सकते है। हम दिनभर स्फूर्ति का अनुभव भी कर सकते हैं।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. हिन्दी गद्य की प्रमुख विधाएं हैं–

1. निबंध
2. कहानी
3. उपन्यास
4. नाटक
5. एकांकी
6. आलोचना
7. जीवनी

8. आत्मकथा

9. रिर्पोताज

10. डायरी

11. पत्र साहित्य आदि।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

कहानी में मानव जीवन के किसी एक पक्ष का चित्रण होता है।

मुंशी प्रेमचन्द– कहानी ऐसी रचना है जिसमुं जीवन के किसी अंक या मनोभाव को प्रदर्शित करना लेखक का उद्देश्य होता है।

| **कहानी** | **कहानीकार** |
|---|---|
| उसने कहा था | चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' |
| ईदगाह | प्रेमचंद |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. नाटक व एकांकी में अंतर –

| क्र. | नाटक | एकांकी |
|---|---|---|
| 1 | इसमें कई अंक होते है। | इसमें एक अंक होता है। |
| 2 | इसमें पात्रों की संख्या अधिक होती है तथा संपूर्ण मानव जीवन का वर्णन होता है। | इसमें कम पात्रों के माध्यम से किसी एक घटना या कथा प्रस्तुत की जाती है। |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

रेखाचित्र किसी एक व्यक्ति, वस्तु अथवा घटना पर आधारित होता है। इसमें लेखक शब्दों द्वारा ऐसा कलात्मक वर्णन करते है कि आंखों के सामने चित्र सा उपस्थित हो जाता है तो उसे रेखाचित्र कहते है।

| **रेखाचित्र** | **रेखाचित्रकार** |
|---|---|
| अतीत के चलचित्र | महादेवी वर्मा |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. जो शब्द अपरिवर्तित रूप में संस्कृत से लिये गये है अथवा संस्कृत भाषा के ऐसे शब्द जो बिना परिवर्तन के हिन्दी में प्रयुक्त हो रहे है। तत्सम शब्द कहलाते है। उदाहरण– चन्द्र, भूमि आदि।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पृथ्वी – वसुंधरा, भूमि

वायु – समीर, हवा

चन्द्रमा – शशि, मंयक

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते है।

1. सरल वाक्य
2. मिश्र वाक्य
3. संयुक्त वाक्य

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

| | | |
|---|---|---|
| ज्ञानी | – | अज्ञानी |
| दुर्लभ | – | सुलभ |
| उत्थान | – | पतन |
| सक्षम | – | अक्षम |
| एक | – | अनेक |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12.

1. वाचाल
2. अपार
3. भविष्य काल
4. दम्पत्ति

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

लहना सिंह ने कटोरा उसके मुंह में लगाकर पूछा 'कहो कैसे हो?' पानी पीकर बोधा बोला– ''कंपकपी छूट रही है। दांत बज रहे है।''

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13.

1. राम तुम स्कूल मत जाओ।
2. क्या पार्थ खेल रहा है?
3. वे बुरे आदमी है जो चोरी करते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

1. वह बीमार है।
2. श्रीराम के अनेक नाम है।
3. गुफा में घना अंधेरा है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. मुहावरें –

1. विवाह करना।
   प्रयोग– पाण्डे जी ने सेवानिवृत्ति से पहले अपनी बेटी के हाथ पीले कर दिये।
2. कठिन परिश्रम करना।
   प्रयोग– दिनेश ने नौकरी पाने के लिये आकाश पाताल एक कर दिये।
3. बहुत खुशी मनाना।
   प्रयोग– रीता आई.ए.एस. में सफल हुई तो उसके घर में घी के दिये जलाये गये।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मुहावरे व लोकोक्तिया में अंतर –

| क्र. | मुहावरे | लोकोक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | यह एक ऐसा वाक्यांश है जो अपने सामान्य अर्थ से भिन्न अर्थप्रकट करता है। | लोगों के द्वारा कहा गया कथन लोकोक्ति कहलाती है। |
| 2 | ये भाषा में श्रृंगार का कार्य करते है। | इनमें जीवन का गहरा अनुभव छिपा रहता है। |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. तद्भव शब्द –

| | | |
|---|---|---|
| अंगुष्ठा | – | अंगूठा |
| अक्षि | – | आंख |
| अग्र | – | आगे |
| कंटक | – | कांटा |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

**अथवा**

विदेशी शब्द –

| | | |
|---|---|---|
| झोला | – | बैग |
| कतरनी | – | कैंची |
| वैद्य | – | डॉक्टर |
| फटफटिया | – | मोटर–साईकिल, बाइक |

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. मीरा ने 'राम रतन धन' को अमोलक इसलिए कहा है क्योंकि संसार में मिलने वाले जितने भी प्रकार के धन है उनसे भिन्न रामरतन धन है। सभी प्रकार के धन खर्च करने से घटते है। खो जाते है, चोरी भी कर लियेजाते है। लेकिन रामरतन धन खर्च करने से दिनों–दिन बढ़ता जाता है। चोर भी इसे नहीं चुरा सकता है, न ही यह कभी नष्ट होता है। इसलिए यह धन अमोलक है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

कर्मवीर मनुष्य की विशेषताएं निम्नलिखित है –

1. संकट आने पर घबराता नहीं है।

2. कामचोरी नहीं करता।
3. निर्भीक होता है।
4. भाग्य के भरोसे नहीं होता।
5. कठिनाईयों में भी हंसता रहता है।
6. धीर, वीर और गंभीर होता है।
7. कठिन से कठिन कार्य तत्परता से करता है।
8. किसी भी कार्य को अधूरा नहीं छोड़ता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. कवि ने 'भारत को संसार का शिरोमणि' इसलिए कहा है क्योंकि भारत की भूमि में अपार धन है। विश्व के समस्त देशों को जागरण का संदेश दिया है। यह देश सदाचार नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों की शिक्षा देता है। जिसके कारण विश्व गुरू की उपाधि से विभूषित हुआ है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वर्षा के आगमन पर गरमी से झुलसी हुई पृथ्वी हरी–भरी हो जाती है। नदी, तालाब, कुएं आदि पानी से भर जाते है। श्रावण मास में एक नये प्रकार का राग पशु, पक्षियों, जीव–जंतुओं से सुनने को मिलता हे। बाग–बगीचे फूलों एवं फलों से लद जाते है। मानव जीवन खुशहाल हो जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. आज का मानव समाज कुंठित एवं निष्क्रिय हो गया है। सदियों से चली आ रही परम्परा को लादे फिर रहा है। दूसरों की राह में कांटे बिछाना उसको अच्छा लगने लगा है। कोई नया विचार अपने मन में नहीं लाना चाहता है। ऐसे में

चारों तरफ ईर्ष्या–द्वेष और जलन के भाव पनप रहे है। इसलिए कवि चारों दिशाओं में जलन का अनुभव करता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

कवयित्री सक्सेना जी को ऐसा लगता है कि परदेश में उनके साथ बातचीत करने वाला कोई नहीं है। न उन्हें किसी से बात करने का अवसर मिलता है न ही कोई अन्य व्यक्ति उनसे बात करने के लिये उनके समीप आता है। ऐसा लगता है कि परदेश में 'शब्द समूह' पूरी तरह लुप्त हो गये है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. द्विवेदी जी ने अपने लिए चार सिद्धांत निश्चित किए –

1. वक्त की पाबंदी।
2. रिश्वत न लेना।
3. अपना काम ईमानदारी से करना।
4. ज्ञानवृद्धि के लिए सतत् प्रयत्न करना।

इनके पालन में वे सतत् प्रयासरत रहे और सफलता प्राप्त करने में कामयाब रहे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

'सूखी डाली' एकांकी में संयुक्त परिवार का प्रतीक अश्रय वट वृक्ष को माना है। क्योंकि वट, वृक्ष की शाखाएं संयुक्त परिवार के सदस्य के रूप में होती है। उसकी प्रशाखाएं समस्त सदस्यों के छोटे बच्चे है। जिस प्रकार प्रशाखाएं क्रमशः बढ़ती, पल्लवित होकर शीतल छाया और सुगन्धित वायु प्रदान करती है उसी प्रकार संयुक्त परिवार में रहकर प्रत्येक सदस्य खुशी का अनुभव करता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. मन को मोहित करने वाले कश्मीर के शासकों की गाथाएं महाभारत काल से मिलती है। इतिहास प्रसिद्ध सम्राट अशोक ने कश्मीर में अनेक बौद्ध विहार तथा स्तूप बनवाये। श्री शंकराचार्य पहाड़ी का मठ बहुत पुराना है। यहां का मंदिर पाण्डव वंश के राजाओं का बनवाया हुआ है। सम्राट ललितादित्य का साम्राज्य बहुत ही समृद्धशाली था। वे साहित्य एवं कला के प्रेमी थे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

धन और जीवन दोनों को क्षण भंगुर कहा गया है। ये दोनो किसी के पास स्थायी होकर नहीं रहते है। मनुष्य जन्म लेता है, मरता है, धन भी अर्जित किया जाता है, व्यय भी होता है। दोनों का जन्म–मरण शाश्वत सत्य है। इसलिए धन और जीवन को क्षण भंगुर कहा गया है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21 परमात्मा जगत की रचना करते है किंतु इसका पालन, विकास प्रकृति करती है। वह लगातार परोपकार में लगी रहती है। हवा, धूप, छाया, सर्दी, गर्मी सभी मानव का कल्याण करते है। हम प्रकृति को मान देंगे तो वह हमें सम्मान देगी, हमें सुख–शांति प्रदान करेगी। प्रकृति की पूजा ही देव पूजा है। अतः प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सादा जीवन उच्च विचार का आशय है जीवन में दिखावा न हो और विचार ऊंचे स्तर के हो। खान–पान, रहन–सहन, व्यवहार से साधारण जीवन जीते हुए श्रेष्ठ विचारों का पालन किया जाए। प्रदर्शन अहंकार से दूर रहकर जनहितकारी विचारों को जीवन में अपनाया जाये।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. 'एक चिंगारी कहीं से ढूंढ लाओ दोस्तो' पंक्ति में कवि ने आशा और विश्वास का भाव व्यक्त किया है। कवि कहना चाहते है कि दीया है, बाती है, तेल है फिर भी प्रकाश क्यों नहीं है? इसका कारण है कि माचिस नही है अर्थात इस दीपक को जलाने वाला व्यक्ति नहीं है। माचिस मिल जाने पर दीपक प्रज्जवलित हो उठेगा। उसी प्रकार मानव के पास समस्त साधन तो है लेकिन चिंगारी या प्रेरणा देने वाला, आशा और विश्वास की ज्योति जलाने वाला कोई नहीं है। इस कारण समाज में अंधकार व्याप्त है। अतः आशा और उत्साह के साथ समाज के अंधकार को हटाना आवश्यक है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वर्तमान स्थिति में मानव संबंध विघटन के कगार पर है। आज मानव—मानव के बीच परस्पर दूरियां बढ़ती जा रही है। आपसी मनमुटाव, तनाव, कलह, आम बात हो गई है। हर परिवार तथा समाज में नये—नये वर्ग बन रहे है। रिश्ते नातों में दरार आने से संयुक्त परिवार बिखरते जा रहे है। एकाकी जीवन को परम सुखी माना जाने लगा है। अतः इन्हे जोड़ने के लिये युवा शक्ति को आगे आना होगा।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. इस पंक्ति के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि अभिमान युक्त पाण्डित्य से कोई महान नहीं बनता है। महाकवि माघ को अपनी विद्वता पर गर्व था किंतु उनमें विनम्रता और शालीनता की कमी थी। इसलिए एक चरखा चलाने वाली वृद्धा के सामने उन्हें नतमस्तक होना पड़ा। उस वृद्धा ने उन्हें सीख दी कि विनयशीलता और शालीन आचरण से ही व्यक्ति की विशिष्ट पहचान होती है। विद्या तो विनयशीलता से ही सुशोभित होती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

अरविन्द के मुख पर दिव्य तेज था। वे साधनामय जीवन की ओर उन्मुख थे। एक बार नर्मदा के किनारे रंगनाथ में गंगामठ के स्वामी ब्रम्हानन्द का दर्शन करने गये। स्वामी जी का नियम था कि वे किसी की ओर देखते नहीं थे, पर जब अरविन्द इनके सामने आये तब स्वामी जी उन्हें एक टक देखते रह गये और बहुत देर तक देखते रहे। इससे स्पष्ट होता है कि अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या –

**संदर्भः–** प्रस्तुत पद्य हमारी पाठय पुस्तक के विनय के पद से अवतरित किया गया है। इसके कवि गोस्वामी तुलसीदास जी है।

**प्रसंग :–** प्रस्तुत पंक्तियों में तुलसीदास जी कहते है कि जिन्हें राम और सीता प्रिय न हो ऐसे व्यक्तियों को त्याग देना चाहिए।

**व्याख्या :–** तुलसीदास जी कहते है कि जिन व्यक्तियों को राम और सीता प्रिय न हो वे अपने स्नेही जन ही क्यों न हो, उन्हें छोड़ देना चाहिए। जिस प्रकार विभीषण ने अपने भाई रावण को, प्रहलाद ने अपने पिता को, भरत ने अपनी मां को, बलि ने गुरू को और ब्रज की गोपियों ने अपने–अपने पति का परित्याग कर दिया था और मंगल करने वाले श्रीराम से नाता जोड़ लिया था।

**विशेष :–** अनुप्रास और दृष्टांत अलंकार है। भाव के अनु रूप भाषा है।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

**संदर्भः–** प्रस्तुत पंक्तियां दुष्यंत कुमार द्वारा रचित 'इस नदी की धार में' शीर्षक से अवतरित है।

**प्रसंगः–** प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने जर्जर और विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों में हिम्मत बनाए रखने की प्रेरणा दी है, अदम्य साहस का परिचय दिया है।

**व्याख्याः–** नदी की धारा बहुत तेज है। उसमें बहुत ज्यादा प्रवाह है और अधिक तेज है। फिर भी उससे सुखद और आनंददायक ठंडी–ठंडी हवा तो स्पर्श करती रहती है। इस नदी की ऊंची–ऊंची लहरों से जब नाव टक्कर लेती है तो वह तारीफ के काबिल है। कवि कहता है कि अभी एक उम्मीद की किरण बाकी है यदि कहीं से एक चिनगारी मिल जाती है तो इस दिए की बाती जलाकर रोशनी कर सकती है। हमें सोई हुई अवस्था में चली गई शक्ति को जाग्रत करने की आवश्यकता है।

**विशेषः–**

1. उर्दू शब्दों की प्रधानता।
2. शैली मार्मिक है।
3. वीर रस।
4. विषम परिस्थितियों में उत्साह कायम रखने का आव्हान।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 25. अपठित गद्यांश के उत्तर –

उत्तर 1. अनुशासन।

उत्तर 2. सूर्य, चन्द्रमा, तारे आदि सभी प्राकृतिक तत्व सुनियोजित व्यवस्था के अन्तर्गत कार्य करते है। इस प्रकार प्रकृति हमें अनुशासन सिखाती है। अनुशासन बंधन न होकर सामान्य नियम का पालन माना है।

उत्तर 3. प्रकृति हमें अनुशासन सिखाती है।

1+2+1=4 अंक

उत्तर 26. अपठित पद्यांश के उत्तर :–

उत्तर 1. प्राकृतिक सौन्दर्य।

उत्तर 2. सुंदर चन्द्रमा की चंचल किरणे जल और थल में क्रीड़ा कर रही है।

उत्तर 3. स्वच्छ चांदनी अवनि और अम्बर में फैली हुई है।

1+2+1=4 अंक

उत्तर 27. **<u>पत्र लेखन</u>**

सी–58, आकाश अपार्टमेंट
ए.वी. रोड़ इन्दौर
दिनांक 18.11.2011

प्रिय मित्र,

मनमोहन, सप्रेम नमस्ते।

यहां पर सभी स्वस्थ्य एवं सानंद है आपकी कुशलता की सदैव ईश्वर से प्रार्थना करता रहता हूँ। इधर काफी समय से आपका कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ। अतः आपकी कुशलता के समाचार ज्ञात नहीं हो सके।

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मेरे बड़े भाई साहब आदरणीय श्री रविकान्त जी का शुभ विवाह दिनांक 26.12.2011 को होना निश्चित हुआ है। विवाह के इस शुभ अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है। विवाह में होने वाले सभी मांगलिक कार्यक्रमों की जानकारी के लिये आपको आमंत्रण पत्र (परिणय पत्र) भेज कर जानकारी दी जाएगी।

विवाह समारोह में उपस्थित होने की पूर्व सूचना से कृपया अवगत करावें। आदरणीय चाचा जी एवं चाची जी को सादर प्रणाम तथा छोटे भाई मयंक को स्नेह।

आपका सदैव शुभाकांक्षी

अभिषेक मिश्रा

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

प्रति,

श्रीमान प्रधानाचार्य

शा. गजरा राजा क.मा.वि.

ग्वालियर

विषय :– छात्रावास में अच्छा भोजन ने मिलन विषयक।

महोदय,

निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय के छात्रावास में रहता हूँ। अब कुछ दिनों से छात्रावास में अच्छा भोजन नहीं मिल रहा है। रोटियां और दालें कच्ची, अधपकी होने के कारण स्वास्थ्य बिगड़ रहा हे। अतः निवेदन है कि भोजन व्यवस्था ठीक कराने की कृपा करें।

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी शिष्य

दिनांक

सृजन

कक्षा 10 अ

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 28. **(अ) निबंध लेखन–**

## कम्प्यूटर : आज के जीवन की आवश्यकता

**प्रस्तावना:–** वर्तमान युग कम्प्यूटर युग है। यदि भारत वर्ष पर नजर दौड़ाकर देखे तो हम पाएंगे कि आज जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटर का प्रवेश हो गया है। बैंक, रेल्वे–स्टेशन, हवाई–अड्डे, डाक खाने बड़े–बड़े उद्योग कारखाने व्यवसाय हिसाब–किताब, रूपये गिनने तक की मशीनें कंप्यूटरीकृत हो गई है। अब भी यह कंप्यूटर का प्रारंभिक प्रयोग है। आने वाला समय इसके विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है।

**कम्प्यूटर आज की जरूरत :–** प्रश्न उठता है कि क्या कंप्यूटर आज की जरूरत है? क्या इसके बिना काम नहीं चल सकता है? इसका उत्तर है– कम्प्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु तो नहीं है, किन्तु इसके बिना आज की दुनिया अधूरी जान पड़ती है। सांसारिक गतिविधियों परिवहन और संचार उपकरणों आदि का ऐसा विस्तार हो गया है कि उन्हें सुचारू रूप से चलाना अत्यंत कठिन होता जा रहा है। पहले मनुष्य जीवन भर में अगर 100 लोगों के संपर्क में आता था तो आज वह 2000 लोगों के संपर्क में आता है। पहले वह दिन में 5–10 लोगों से मिलता था तो आज 50–100 लोगों से मिलता है। पहले वह दिन में काम करता था तो आज राते भी व्यस्त रहती है। आज व्यक्ति के संपर्क बढ़ रहे है, व्यापार बढ़ रहे है, गतिविधियां बढ़ रही है, आकांक्षाएं बढ़ रही है, साधन बढ़ रहे है।

"यहां सतत् संघर्ष विफलता कोलाहल का राज है।

अंधकार में दौड़ लग रही है, मतवाला यह सब समाज है।।''

**सुव्यवस्था लाने में सहयोग :–** इस अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की समस्या आज की प्रमुख समस्या है कहते है आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस आवश्यकता ने अपने अनुसार निदान ढूंढ़ लिया है। कंप्यूटर एक ऐसी स्वचलित प्रणाली है जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। हड़बड़ी में होने वाली मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर राम बाण औषधि है। क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक भूमिका हो या लाखों करोड़ों अरबों की लंबी–लंबी गणनाएं कंप्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है। पहले इन कामों को करने वाले कर्मचारी हड़बड़ाकर काम करते थे, एक भूल से घबड़ाकर और अधिक गड़बड़ी करते थे। परिणामस्वरूप काम कम, तनाव अधिक होता था। अब कम्प्यूटर की सहायता से काफी सुविधा हो गई है।

**ज्ञान का भंडार :–** कंप्यूटर ने फाइलों की आवश्यकता कम कर दी है। कार्यालय की सारी गतिविधियां फ्लौपी में बंद हो जाती है इसलिए स्टोरों की जरूरत अब नहीं रही। अब समाचार पत्र भी इंटरनेट के माध्यम से पढ़ने की व्यवस्था हो गई है। विश्व के किसी कोने में छपी पुस्तक, फिल्म घटना की जानकारी इंटरनेट पर ही उपलब्ध है। एक समय था जब कहते थे कि विज्ञान ने संसार को कुटुंब बना दिया है। कंप्यूटर ने तो मानों उस कुटुम्ब को आपके कमरे में उपलब्ध करा दिया है। संभव है कंप्यूटर की सहायता से आप मनचाहे सवाल का जवाब दूरदर्शन या इंटरनेट से ले पाएंगे। शारीरिक रूप से नहीं

काल्पनिक रूप से जिस मौसम का, जिस प्रदेश का आनंद उठाना चाहे उठा सकते है।

**उपसंहार :–** आज टेलीफोन, रेल, फ्रिज, वाशिंगमशीन आदि उपकरणों के बिना नागरिक जीवन जीना कठिन हो गया है। इन सबके निर्माण या संचालन में कंप्यूटर का योगदान महत्वपूर्ण है। रक्षा उपकरणों, हजारों मील की दूरी पर सटीक निशाना बांधने, सूक्ष्म से सूक्ष्म वस्तुओं को खोजने में कंप्यूटर का अपना महत्व है। आज कंप्यूटर ने मानव जीवन को सुविधा, सुव्यवस्था और सटीकता प्रदान की है। अतः आज जीवन में कंप्यूटर पूरी तरह से प्रभावशाली बन गया है।

(कुल 7 अंक)

(ब) रूपरेखा–

यदि मैं प्रधानमंत्री होता

1. प्रस्तावना।
2. प्रधानमंत्री बनने की प्रेरणा।
3. प्रधानमंत्री बनने का कारण।
4. प्रधान के कार्यक्षेत्र एवं दायित्व।
5. आदर्श प्रधानमंत्रीं
6. उपसंहार।

(कुल 3 अंक)

**निर्देशः–** निबंध लिखते समय एवं रूपरेखा लिखते समय क्रमबद्धता भूमिका, विवेचना या वर्णन एवं उपसंहार अर्थात मुख्य भाव आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

– – – – –

# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013
## विषय – सामान्य हिन्दी
## कक्षा – दसवीं
## सेट–डी

समय– 3 घंटे पूर्णांक– 100

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 x 5 x 5 = 25 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्र. 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न हेतु 2 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्र. 17 से 19 तक प्रत्येक का उत्तर 30 से 75 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 3 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर 75 से 120 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 4 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्र. 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित है।
7. प्रश्न क्र. 28 का उत्तर लगभग 200 से 250 शब्दों में निर्धारित है इसके लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है। जिसमें अ में 7 अंक एवं ब में 3 अंक।

---

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए।

1. तुलसीदास जी के गुरू का नाम..............था।

   (नरहरिदास / वल्लभाचार्य)
2. मीरा ने.................रूपी धन पा लिया था।

   (रामरतन / हीरे–मोती)
3. मेरी जीवन रेखा..................निबंध है।

   (आत्मकथात्मक / व्यंग्यात्मक)
4. मुस्कान में एक प्रकार का......................है।

(सम्मोहन / संशोधन)

5. निबंध को.......................की कसौटी कहा जाता है।

(गद्य / पद्य)

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) मगध का सेनापति था –

(अ) अशोक (ब) गोपाल

(स) अमिता (द) सुनिता

(2) होली में अम्बर कैसा हो गया –

(अ) नीले रंग का (ब) पीले रंग का

(स) लाल रंग का (द) काले रंग का

(3) 'तुम वही दीपक बनोगे' कविता सम्बोधित की गई है –

(अ) सैनिकों को (ब) शिक्षकों को

(स) मजदूरों को (द) युवा पीढ़ी को

(4) समास का शाब्दिक अर्थ होता है –

(अ) दो स्वरों का मिलन (ब) दो वर्णों का मिलन

(स) दो शब्दों का मिलन (द) दो ध्वनियों का मिलन

(5) 'सूर्य' का तद्भव शब्द है –

(अ) सूरज (ब) भानु

(स) भास्कर (द) दिनकर

प्रश्न 3. स्तंभ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए –

| | क | – | ख |
|---|---|---|---|
| (1) | जो बहुत बोलता हो | – | देश का मुकुट |
| (2) | लम्बोदर | – | वाचाल |
| (3) | हास्य व्यायाम | – | बहुब्रीहि समास |
| (4) | गोश्रीनगर | – | मुंह की मांस पेशियों से |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (5) | हिमालय | – | केरल |
| | | – | व्यंग्य |
| | | – | भक्ति कालीन कवि |

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में से सत्य/असत्य का चयन कीजिए –

1. ''स्कूल'' देशज शब्द है।
2. ''मित्र'' का पर्यायवाची चंद्र है।
3. कुटुम्ब एक छोटा वृक्ष है।
4. सूरदास की भाषा अवधी है।
5. मीरा के प्रभु पर्वत को अपनी उंगली में धारण करने वाले श्रीकृष्ण है।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :–

1. भारत का स्वर्ग किसे कहा जाता है?
2. 'अक्षय वट' किसे कहा गया है?
3. भाग्य के भरोसे कौन नहीं रहता है?
4. ''जो बीत चुका हो'' शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।
5. 'ईद का चांद' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 6. घर आये मेहमान का स्वागत किसान किस प्रकार करता है? किसान को सच्चा हितैषी क्यों कहा गया है?

अथवा

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये मुस्कराना क्यों आवश्यक है? मुस्कराने से क्या लाभ है?

प्रश्न 7. अशोक क्या प्राप्त करना चाहते थे? अशोक ने कौन सी प्रतिज्ञा की?

अथवा

वक्त सबके लिये बराबर है' पंक्ति को लेखक श्री मन्नारायण अग्रवाल ने किन उदाहरणों से समझाया है?

प्रश्न 8. कहानी की परिभाषा लिखिए एवं किन्ही दो कहानी एवं उनके कहानीकारों के नाम लिखिए।

अथवा

निबंध की परिभाषा देते हुए किन्हीं दो निबंधकारों के नाम तथा उनके एक–एक निबंध का नाम लिखिए।

प्रश्न 9. प्रसाद जी के नाटकों की कोई दो विशेषता लिखते हुए उनके दो नाटकों के नाम लिखिए।

अथवा

उपन्यास सम्राट किसे कहते है? दो प्रमुख उपन्यासों के नाम एवं उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(1) अंधे की लाठी

(2) मिट्टी में मिलना

(3) लोहा मानना

अथवा

लोकोक्ति किसे कहते है? लोकोक्ति का कोई एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित वाक्यों में कोई दो वाक्य शुद्ध करके लिखिए –

(1) मेरे पास अनेकों पुस्तकें हैं।

(2) मुझे आटा पिसवाने जाना है।

(3) एक फूल की माला लाओ।

अथवा

पूर्ण विराम का प्रयोग कहां किया जाता है? उदाहरण देकर समझाइए।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के (दो–दो) पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(1) चन्द्रमा

(2) सूर्य

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

(1) उदारता

(2) सरस

प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

(1) भ्राता

(2) भ्रमर

अथवा

निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए।

(1) मतानुसार

(2) जगदीश

प्रश्न 14. निम्नलिखित विग्रहों का समस्त पद बनाइए तथा समास का नाम लिखिए।

(1) दश आनन है जिसके

(2) हाथ से लिखित

अथवा

यथा निर्देश वाक्य परिवर्तन कीजिए।

(1) कश्मीर बहुत सुंदर है। (विस्मयादि बोधक)

(2) तुम विद्यालय जाओगे। (आज्ञा वाचक)

प्रश्न 15. निम्नलिखित शब्द वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है, इन्हें शुद्ध रूप में लिखिए।

(1) पूज्यनीय

(2) अर्शीवाद

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।

(1) नाच

(2) घर

प्रश्न 16. शबरी ने अपने आश्रम में पधारे श्रीराम–लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया?

अथवा

मनुष्य की पीड़ा गूंगी होकर भी गाने में क्यों असमर्थ है, 'इस नदी की धार में' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 17. मीरा ने 'रामरतन' धन को अमोलक धन क्यों कहा है?

अथवा

'तुम्हारी विरासत' कविता हमें क्या संदेश देती है?

प्रश्न 18. कर्मवीर मनुष्य की चार विशेषताएं कविता के आधार पर लिखिए।

अथवा

'वह देश कौन सा है' कविता में वर्णित भारत देश की कोई चार विशेषताऐं लिखिए।

प्रश्न 19. ''गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए'' यह पंक्ति 'माटीवाली' कहानी में किस संदर्भ में कही गई है?

अथवा

'अरविंद दिव्य संस्कारों के धनी थे' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 20. लेखक ने डल झील को कश्मीर की शान क्यों कहा है?

अथवा

'सूखी डाली' एकांकी का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. संस्कृति जीवन के लिए आवश्यक क्यों है?

अथवा

द्विवेदी जी अपने कौन से चार सिद्धांत निश्चित किए और उनका पालन करने में वे कहां तक सफल हुए?

प्रश्न 22. 'इस नदी की घार में' गजल का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'सत् की नाव खेवटिया सतगुरू' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. ''कुटुम्ब एक महान वृक्ष है। छोटी बड़ी सभी डालियां उसकी छाया को बढ़ाती है'' इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

अथवा

''प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरू,
करि किरपा अपनायो।
जनम जनम की पूंजी पायी, जग में सवै खोवायौ।

खरचे नहिं कोई चोर न लैवे, दिन–दिन बढ़त सवायौ।
सत की नाव खेवटिया सतगुरू, भव सागर तरि आयौ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरख–हरखि जस गायौ।

अथवा

पृथ्वी निवासियों को जिसने प्रथम जगाया,
शिक्षित किया सुधारा, वह देश कौन सा है?
छोड़ा स्वराज्य तृणवत, आदेश से पिता के,
श्रीराम थे जहां पर, वह देश कौन सा है?

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वृक्ष धरती का श्रृंगार है। सभी वृक्ष मरने से पहले संतान छोड़ जाते है। बीज ही गाय बिरछ की संतान है। बीज की सुरक्षा व सार–संभार के लिए पेड़ फूल की पंखुड़ियों से घिरा एक छोटा सा घर तैयार करता है। फूलों से आच्छादित होने पर पेड़ कितना सुंदर दिखलाई पड़ता है। जैसे फूल–फूल के बहाने वह स्वयं हंस रहा हो। सोचने में कितना सुंदर लगता है कि गाय बिरछ तो मटमैली माटी से विषाक्त वायु से अंगारक ग्रहण करते है, फिर इस अपरूप उपादान किस तरह ऐसे सुंदर फूल प्रदान करते है। ये फूल प्रकृति का मानव मात्र पर स्नेह बरसाने का साधन है।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2. गद्यांश में प्रयुक्त निम्न शब्दों के विलोम लिखिए– सुंदर, स्नेह।

प्रश्न 3. प्रकृति का मनुष्य पर स्नेह बरसाने का साधन कौन सा है?

प्रश्न 4. बदले में वृक्ष प्रकृति से क्या लेते है?

प्रश्न 5. धरती के श्रृंगार क्या है?

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

फसल क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी काली संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपांतरण है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का?

प्रश्न 1. पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 2. फसल पर किसका जादू चलता है?

प्रश्न 3. उक्त पद्यांश में कवि ने फसल के लिए किसके स्पर्श की महिमा बताई है?

प्रश्न 4. मिट्टी का गुणधर्म क्या है?

प्रश्न 5. हवा के कोई दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

प्रश्न 27. अपने मित्र को उसके जन्म दिवस पर बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

बुक बैंक से पुस्तके प्राप्त करने के लिए प्राचार्य महोदय को पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए।

1. पर्यावरण प्रदूषण।
2. विज्ञान वरदान या अभिशाप।
3. जीवन में खेलों का महत्व।
4. कम्प्यूटर आज की आवश्यकता।
5. अनुशासन और विद्यार्थी।

(ब) उपरोक्त निबंध विषयों में से शेष किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।

— — — — — —

<u>आदर्श उत्तर</u>

विषय – सामान्य हिन्दी

कक्षा – दसवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. रिक्त स्थान की पूर्ति –

1. नरहरिदास।
2. रामरतन।
3. आत्मकथात्मक।
4. सम्मोहन।
5. गद्य।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 2. सही विकल्प का चयन –

(1) गोपाल

(2) लाल रंग का।

(3) युवा पीढ़ी को।

(4) दो शब्दों का मिलन।

(5) सूरज।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 3. सही जोडियां बनाना –

| | **क** | **–** | **ख** |
|---|---|---|---|
| (1) | जो बहुत बोलता हो | – | वाचाल |
| (2) | लम्बोदर | – | बहुब्रीहि समास |
| (3) | हास्य व्यायाम | – | मुंह की मांस पेशियों से |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (4) | गोश्रीनगर | – | केरल |
| (5) | हिमालय | – | देश का मुकुट |

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 4. सत्य/असत्य का चयन –

(1) असत्य।

(2) असत्य।

(3) असत्य।

(4) असत्य।

(5) सत्य।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 5. एक वाक्य में उत्तर –

1. भारत का स्वर्ग कश्मीर को कहते है।
2. संयुक्त परिवार को अक्षय वट कहा गया है।
3. कर्मवीर भाग्य के भरोसे नहीं रहते है।
4. जो बीत चुका हो उसे अतीत कहते है।
5. ईद का चांद मुहावरे का अर्थ है बहुत दिनों बाद दिखाई देना।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. घर आए मेहमान का स्वागत किसान निम्न तरह से करता है :–

मेहमान को स्नेह से बैठाकर किसान उनसे मृदु वचन बोलता है, मीठा जल पिलाता है, अपने परिश्रम से उत्पन्न अन्न से तृप्त कराता है।

किसान को हितैषी इसलिए कहा है कि वह :–

1. निरंतर कर्मरत रहकर अपनी मेहनत से खेतों को हरा–भरा करता है।
2. सम्पूर्ण समाज की भूख शान्त करता है।

3. जड़ पदार्थों को चैतन्य करता है।

4. निष्कपट भाव से किसान समाज के सभी वर्गों का कल्याण करता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मुस्कुराना इसलिए आवश्यक है क्योंकिः–

1. प्रसन्न चित्त व्यक्ति के पास बैठकर लोग अपना दुःख–दर्द भूल जाते है।
2. व्यक्ति सुख और संतोष का अनुभव करते हैं।
3. मुस्कुराने वाले व्यक्ति संसार का कलुष दूर करने वाले होते है।

मुस्कुराने से निम्नलिखित लाभ है :–

1. शरीर संतुलित रहता है।
2. चेहरे की कांति बढ़ती है।
3. अम्ल रोग कम होता है।
4. तनाव, उच्च रक्त चाप, अल्सर आदि बीमारी खत्म होती है।
5. दीर्घायु जीवन व सुखद कल्पना प्राप्त होती है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. अशोक कलिंग का राजसिंहासन प्राप्त करना चाहते थे।

कलिंग युद्ध के पश्चात् अशोक ने निम्न प्रतिज्ञा की :–

1. वह किसी से छीनेगा नहीं।
2. किसी को डराएगा नहीं।
3. किसी को मारेगा नहीं।
4. हिंसा और युद्ध से विजय की कामना नही करेगा।
5. वह निश्चल प्रेम से संसार के ह्रदयों पर विजय प्राप्त करेगा।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

लेखक श्रीमन्नारायण अग्रवाल के अनुसार – वक्त न बढ़ाया जा सकता है न घटाया जा सकता है। धन की कीमत रोज घट–बढ़ जाती है। अगर बैंक जवाब दे दे तो एक करोड़पति मिनटों में कंगाल हो जाता है। धन की दुनिया में अमीर–गरीब, बादशाह, कंगाल का फर्क है। लेकिन समय के साम्राज्य में ऊंच–नीच का भेदभाव नहीं है। उसमें आदर्श लोकतंत्र है इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि वक्त सबके लिए बराबर है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. कहानी में मानव जीवन के किसी एक पक्ष का मनोहारी वर्णन किया जाता है।

प्रेमचन्द्र जी के अनुसार ''कहानी ऐसी रचना है जिसमें जीवन के किसी एक अंग या मनोभाव को प्रदर्शित करना लेखक का उद्देश्य रहता है।''

बाबू गुलाब राय के अनुसार ''कहानी एक स्वतः पूर्ण रचना है, जिसमें प्रभावपूर्ण व्यक्ति केन्द्रित घटना का अप्रत्याशित ढंग से उत्थान पतन दर्शाते हुए पात्रों के चरित्र पर प्रकाश डालने वाला कौतुहलपूर्ण वर्णन हो।''

| **कहानीकार** | | **काहनियां** |
|---|---|---|
| 1. मुंशी प्रेमचन्द्र | – | पंचपरमेश्वर, पूस की रात, कफन। |
| 2. जयशंकर प्रसाद | – | आकाशदीप, पुरस्कार, गुण्डा। |
| 3. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी | – | उसने कहा था, बुद्धू का कांटा, सुखमय जीवन। |

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

निबंध गद्य की एक विशिष्ट विद्या है। निबंध का आशय है 'सम्यक रूप से बंधा हुआ'।

परिभाषा :–

बाबू गुलाब राय के मतानुसार ''निबंध इस गद्य रचना को कहते है, जिसमें सीमित आकार के भीतर किसी विषय का प्रतिपादन एक विशेष निजीपन, स्वच्छंदता, सौष्ठव, सजीवता और सम्बद्धता के साथ किया गया हो।''

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार ''पद्य कवियों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है।''

| निबंधकारों के नाम | | निबंध (रचना) |
|---|---|---|
| 1. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल | – | उत्साह। |
| 2. भगवत शरण उपाध्याय | – | मैं मजदूर हूँ। |
| 3. भारतेन्दु हरिशचन्द्र | – | एक अद्भूत अपूर्व स्वप्न,<br>ईश्वर बड़ा विलक्षण है |
| 4. बालकृष्ण भट्ट | – | चढ़ती उमर, चन्द्रोदय, बातचीत,<br>ईश्वर भी क्या ठठोल है। |

**उपरोक्तानुसार परिभाषा पर 2 अंक प्रत्येक कहानी एवं कहानीकार के नाम पर 2 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. प्रसाद जी ने नाटकों की दो प्रमुख विशेषता निम्नलिखित है –

1. प्रसाद जी के नाटकों में ऐतिहासिकता के साथ–साथ प्रबल राष्ट्रीय भावना एवं उदान्त सांस्कृतिक चेना प्रकट होती है।
2. प्रसाद जी के नाटकों की भाषा ओजमयी एवं प्रवाहपूर्ण है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मुंशी प्रेमचन्द जी को उपन्यास सम्राट कहते है।

दो प्रमुख उपन्यासों एवं रचनाकारों के नाम निम्न है–

1. गोदान – मुंशी प्रेमचन्द
2. मैला आंचल – फणशिवर नाथ रेणु।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. मुहावरों का अर्थ :–

1. अंधे की लाठी – एक मात्र सहारा।

   वाक्य– राजेश अपने पिता की देखभाल करता है। अपने भाई की मृत्यु के बाद वही अपने पिता के लिए अंधे की लाठी है।

2. मिट्टी में मिलना – बर्बाद करना, नष्ट करना।

   वाक्य– चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाकर कमल ने अपने पिता की इज्जत मिट्टी में मिला दी।

3. लोहा मानना – श्रेष्ठता स्वीकार करना।

   वाक्य– वाद विवाद में राधा के तर्क सुनकर सभी श्रोताओं ने उसका लोहा मान लिया।

अथवा

लोक में प्रचलित उक्ति को लोकोक्ति कहते है। कुछ उदाहरण :–

1. अपनी करनी पार उतरनी।
2. अपना हाथ जगन्नाथ।
3. एक अनार सौ बीमार।
4. एक तो करेला, दूजे नीम चढ़ा।

नोटः– छात्र उपरोक्त मुहावरे व लोकोक्ति में वाक्य स्वविवेकानुसार बना सकता है। अन्य कोई भी लोकोक्ति लिख सकता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

प्रश्न 11. वाक्य शुद्ध करना –

1. मेरे पास अनेक पुस्तकें है।
2. मुझे अनाज पिसवाने जाना है।
3. फूलों की एक माला लाओ।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

वाक्य की समाप्ति पर कुछ अधिक देर रूकने के लिए पूर्ण विराम का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण– राधा सुन्दर कन्या है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. पर्यायवाची शब्द।

1. चन्द्रमा – शशि, इन्दु, मयंक।
2. सूर्य – रवि, भानु, भास्कर।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

विलोम शब्द।

1. उदारता – अनुदारता।
2. सरस – नीरस।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13. तद्भव शब्द।

1. भ्राता – भाई।
2. भ्रमर – भौंरा।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

संधि विच्छेद व संधि का नाम।

1. मत+अनुसार – दीर्घ स्वर संधि।
2. जगत्+ईश – व्यंजन संधि।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. समस्त पद व समास का नाम।

1. दशानन – बहुब्रीहि समास।

2. हस्तलिखित – तत्पुरूष समास।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

यथानिर्देश वाक्य परिवर्तन।

1. वाह! कश्मीर कितना सुंदर है।

2. तुम विद्यालय जाओ।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. वर्तनी शुद्ध करना।

1. पूजनीय।

2. आशीर्वाद।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

तत्सम शब्द।

1. नृत्य।

2. गृह।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. शबरी ने अपने आश्रम में पधारे श्रीराम व लक्ष्मण का सत्कार निम्न प्रकार से किया:–

1. शबरी ने उनके लिए मृगचर्म का स्वच्छ आसन बिछाया तथा आदर पूर्वक बैठाया।
2. शबरी ने श्रीराम एवं लक्ष्मण को स्वादिष्ट बेर खाने को दिए। कहीं श्रीराम खट्टे बेर न खा लें इस कारण से शबरी चखकर श्रीराम को बेर देती थी।
3. स्नेह नयनों से शबरी ने श्रीराम को प्रणाम किया।

4. शबरी ने बार–बार उनसे क्षमा मांगी।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जिस प्रकार नदी प्रकृति में जीर्ण–शीर्ण इमारत तथा जंगली फूल, सपाट मैदान से बिना कुछ कहे मौन रहकर गुजरती है, लेकिन जब बड़ी–बड़ी चट्टानों, दरारों से किनारों से टकराना होता है तो उस समय उसका स्वर मुखरित हो जाता है। निर्जीव उपादानों के सम्मुख विघ्न बाधाएं आती है तब वे अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए अपना मौन तोड़ती व स्वर उत्पन्न करती है। ठीक उसी प्रकार मानव समाज के ह्रदय में व्याप्त पीड़ा भी किसी न किसी रूप में अभिव्यक्त होती है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. मीरा ने 'राम रतन धन' को अमोलक इसलिए कहा है, क्योंकि संसार में मिलने वाले जितने प्रकार के धन है, उन सबसे राम रतन धन अमूल्य है और यह कृष्ण रूपी भक्ति का धन है। सभी प्रकार के धन खर्च करने से घटते है, गुम हो जाते है, चोरी भी किए जा सकते है लेकिन राम रतन धन इसके विपरीत खर्च करने पर प्रतिदिन सवा गुना बढ़ता जाता है, इसे चोर भी नहीं चुरा सकता, यह नष्ट भी नहीं होता। इसलिए अमोलक है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

'तुम्हारी विरासत' कविता हमें निम्न संदेश देती है –

1. गहन निराशा में भी हमें आशा की एक किरण अपने भीतर प्रकाशित कर लेना चाहिए।
2. हमें अपने भीतर निरंतर कर्मरत रहने की उष्मा बनाए रखना चाहिए।

3. निराशा के भाव छोड़ आशा के भाव जगाना चाहिए।
4. सन्नाटा कितना भी हो, हमें जीवन का बोध कराता है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. कर्मवीर व्यक्ति की विशेषताएं निम्नलिखित है :–

1. कर्मवीर व्यक्ति काम से जी नहीं चुराता।
2. संकट आने पर कर्मवीर नहीं घबराता है।
3. कर्मवीर निर्भीक होता है।
4. कर्मवीर किसी कार्य को अधूरा नहीं छोड़ता।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

'वह देश कौन सा है' कविता में कवि ने भारत देश की निम्नलिखित विशेषताएं बताई हैं :–

1. भारत देश की प्राकृतिक संपदा, सम्पन्नता और सुन्दरता, रोचकता से भरपूर है।
2. भारत की भूमि वनस्पतियों, फल–कंद से लदी हुई है।
3. भारत की धरती अनंत धन संपदा से भरी पड़ी है।
4. यहां की प्राकृतिक छटा निराली है।
5. भारत संसार का शिरोमणी है।
6. मैदानों, पर्वतों, जंगलों की हरियाली यहां की जनता को प्रसन्नचित्त रखती है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. जब टिहरी बांध की दो सुरंगों को बन्द कर दिया गया था तब शहर में पानी भरने लगा। लोग अपने–अपने घरों को छोड़कर भागने लगे। चारों ओर पानी ही पानी हो गया। श्मशान घाट डूबने लगे, तब माटी वाली अपनी झोपड़ी से बाहर बैठी हर व्यक्ति से कहती है गरीब आदमी का शमशान नहीं उजड़ना चाहिए। शहर में पानी भर जाने से चारों ओर अफरा तफरी मच गई थी। कई आशियाने उजड़ गए तब माटी वाली द्वारा अपनी झोपड़ी उजड़ने की आशंका के संदर्भ में यह बात कही गई है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

अरविन्द के मुख पर तेज था जब वे बड़ौदा में थे, तब साधनामय जीवन की ओर उन्मुख थे। एक बार नर्मदा के किनारे रंगनाथ में अरन्दि गंगामठ के स्वामी ब्रम्हानंद का दर्शन करने गए। स्वामी जी का नियम था वे किसी की ओर देखते नहीं थे। पर जब अरविन्द इनके सामने आए स्वामीजी उन्हें एक टक देखते रहे और लगातार बहुत देर तक देखते रहे।

इससे स्पष्ट होता है कि योगी अरविन्द दिव्य संस्कारों के घनी थे।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 3 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. तैरते बाग, बोट हाउस एवं विद्युत का सुंदर नजारा डल झील को सुंदर बनाते है। डल झील में लोग नौका यात्रा करते है इसकी रंगीन छवि छायाकारों को आकर्षित करती है और विभिन्न कोणों से उसकी छायाचित्र लेते है। शायर इसकी उपमा देकर शायरी करते हैं यही कारण है कि इसे कश्मीर की शान कहा गया है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस एकांकी में पारिवारिक अंतर्द्वन्द्व को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है। जिस प्रकार वटवृक्ष की छाया स्थायी, शीतल और सुखद होती है, उसी प्रकार संयुक्त परिवार में परिवार के मुखिया का संरक्षण सुख और शांति बनाए रखता है। परिवार का कोई भी सदस्य परिवार से अलग होकर नीरस और सूखी डाली की निर्जीव हो सकता है। अतः उसे परिवार से अलग होने से रोकना चाहिए।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21. संस्कृति जीवन के वृक्ष का संवर्धन करने वाला रस है। संस्कृति से हमारे मन एवं शरीर को सीखने का अवसर मिलता है। विभिन्न विचारधाराओं से अवगत होकर हम अपना स्वभाव, रहन–सहन, वेशभूषा, अपनी सोच एवं ज्ञान का विस्तार करते हैं यह सभी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इसलिए संस्कृति को जीवन के लिए आवश्यक माना गया है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

द्विवेदी जी ने अपने लिये चार सिद्धांत निश्चित किए –

1. वक्त की पाबंदी,
2. रिश्वत न लेना,
3. अपना काम ईमानदारी से करना,
4. ज्ञानवृद्धि के लिए सतत प्रयत्न करते रहना।

इनके पालन में वो सतत प्रयासरत रहकर सफलता प्राप्त करने में सफल रहे।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. अपने समाज और समय की विकट परिस्थितियों में भी निराश न होते हुए कवि हमारे भीतर की शक्ति को जगाना चाहते है। वे मानते है कि उस भीतर की शक्ति के बल पर हम बुझे हुए दीपक में ज्योति जगा सकते है। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों के मध्य हम आशावादी बने रहे तभी हम निराशा और हताशा के अंधकार के बीच आशा और विश्वास का दीपक जलाने में समर्थ हो सकेंगे।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मीराबाई कहती है कि मेरे सत्य की नाव का खेने वाला मेरे सतगुरू है इनके द्वारा ही मुझे सही मार्ग दिखाया गया एवं उनके उपदेश के अनुशरण से ही संसार की कठिनाईयों को मैं पार करने में समर्थ हो सकी हूॅं। इन्हीं दोनों साधनों से मीरा भव–सागर पार कर सकी है।

**उपरोक्तानुसार सही लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. ''कुटुम्ब एक महान वृक्ष है। छोटी–बड़ी सभी डालियां उसकी छाया में बढ़ती है।'' प्रस्तुत पंक्ति दादा मूलराज द्वारा कही गई है। वे कर्मचन्द से कहते है कि बच्चों को खेलने दो, इसी में आनंद है, क्योंकि हमारा यह परिवार या कुटुम्ब एक बड़े वृक्ष बरगद के समान है। ये बच्चे उस पेड़ की शाखा प्रशाखाएं है। छोटी–बड़ी सभी शाखाएं और प्रशाखाएं ही उस वृक्ष की शीतल छाया को बढ़ाने में मदद करती है। उसी प्रकार परिवार के सभी सदस्यों की खुशी सुखदायी होती है। शीतल छाया में पंथी सुख की नींद लेता है, विश्राम कर अपनी थकान दूर करता है, उसमें स्फूर्ति व ताजगी आ जाती है, उसी प्रकार संयुक्त परिवार की खुशी देखकर व्यक्ति को परिवार से आदर्श प्राप्त करने की उम्मीद जगती है।

वास्तव में कुटुम्ब एक महान वृक्ष है। छोटी बड़ी सभी डालियां उसकी छाया को बढ़ाती है। ये बच्चे हमारी खुशियों को, शांति को, संतोष को बढ़ाने में सहायक है, अतः उक्त कथन तर्क संगत है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

''प्रकृति परमात्मा का ही रूप है'' प्रसंग में प्रकृति के महत्व को सामने लाने का प्रयास किया गया है। इस प्रसंग के द्वारा प्रकृति को ईश्वर का ही दूसरा रूप कहा गया है। मानव सृष्टि का ही एक अंश है और जब मानव जड़ चेतन से अपना तादात्म्य स्थापित कर लेता है तब उसका जीवन सार्थक होता है।

पृथ्वी ने स्वयं कहा कि मुझे पहाड़, तालाब, नदियां, समुद्र आदि का बोझ नहीं मालूम पड़ता, किन्तु जब मेरे ऊपर परद्रोही यानी मेरे नियमों के विपरीत चलने वाले पैदा होते है तो मुझे उनका भार अत्यधिक मालूम पड़ता है। भूमि पूजन मात्र एक कर्मकाण्ड नहीं, यह सतत् चलते रहना चाहिए। कभी वृक्षारोपण के रूप में, कभी पर्यावरण संरक्षण के रूप में। प्रकृति को मान दे तो वह आपको सम्मान देगी क्योंकि प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है यह पूजनीय है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या –

**संदर्भः**– प्रस्तुत पंक्तियां मीराबाई द्वारा रचित मीरा के पद से ली गई है।

**प्रसंग** :– प्रस्तुत पद में भक्ति की अमूल्य पूंजी के महत्व को समझाया गया है।

**व्याख्या :–** कृष्ण के प्रति समर्पित भक्ति भाव से विभोर होकर मीराबाई ने कृष्ण की भक्ति को अमूल्य बताते हुए उसे सांसारिक धन से श्रेष्ठ माना है। सांसारिक धन खो सकता है, खर्च हो सकता है किंतु भक्ति रूपी धन श्रेष्ठ है वह दिन पर दिन बढ़ता जाता है। ईश्वर भक्ति रूपी धन को न तो चोर चुरा सकता है और न ही वह गंवाया जाता है। दिन प्रतिदिन उसमें वृद्धि होती जाती है। सत्य रूपी नाव को खेने वाले पार लगाने वाले सतगुरू ही है जिनकी कृपा से वे संसार

सागर को पार कर सकती है। केवल गिरधर नागर (कृष्ण) ही उनके आराध्य है, जिनका वे हर्षित होते हुए गुणगान कर अपना जीवन सफल करती है।

**विशेष :–**

1. शान्त रस।
2. राजस्थानी शब्दों की प्रचुरता।
3. ब्रज और गुजराती शब्दों का प्रयोग।
4. रूपक अलंकार।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

**संदर्भः–** प्रस्तुत पंक्तियां ' वह देश कौन सा है' कविता से ली गई है।इसके कवि पं. रामनरेश त्रिपाठी है।

**प्रसंगः–** भारत भूमि की वन्दना व विशेषता बताई गई है।

**व्याख्याः–** भारत भूमि की वन्दना करते हुए कवि ने भारत को ज्ञान का उपहार देने वाला कहा है। भारत वह देश है जिसने अज्ञानता से विश्व को जगाया, शिक्षित किया, सुधारा तथा राम के आदर्श को सामने रखते हुए आदर्श पुत्र, आदर्श राजा का उदाहरण विश्व के सामने रखा, वह देश भारत ही है।

**विशेषः–**

भाषा – खड़ी बोली।

रस – शांत रस, श्रृंगार रस।

शब्दशक्ति – अभिधा।

शब्दगुण – माधुर्य।

**संदर्भ 1 अंक, प्रसंग 1 अंक, व्याख्या 1 अंक, विशेष 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 25. अपठित गद्यांश के उत्तर –

उत्तर 1. गद्यांश का सटीक शीर्षक – धरती के श्रृंगार, वृक्ष या इससे मिलते जुलते शीर्षक दिए जा सकते है।

उत्तर 2. 1. कुरूप, 2. घृणा अथवा द्वेष।

उत्तर 3. सुन्दर फूल प्रकृति द्वारा मानव पर स्नेह बरसाने का साधन है।

उत्तर 4. बदले में वृक्ष माटी से आहार और विषाक्त वायु लेते है।

उत्तर 5. वृक्ष धरती के श्रृंगार है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 26. अपठित पद्यांश के उत्तर :–

उत्तर 1. उचित शीर्षक फसल है। इससे संबंधित अन्य कोई भी हो सकता है।

उत्तर 2. फसल पर नदियों के पानी का जादू चलता है।

उत्तर 3. फसल के लिए किसान के हाथों के स्पर्श की महिमा बताई है।

उत्तर 4. भूरी काली, संदली मिट्टी का गुणधर्म फसल है।

उत्तर 5. बयार, वायु, समीर।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 27.

**बधाई पत्र**

अमूल्य सिंह सोलंकी

238, बांसवाड़ा,

राजस्थान

दिनांक 21.10.2011

प्रिय अक्षय,

अविरल स्नेह,

जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई। तुम्हारे जीवन का यह अठारहवां साल उमंग, मस्ती, प्रेम और सफलता से भरा पूरा हो। तुम जीवन की उंचाईयों को छुओं। मैं तुम्हारे जन्मदिन के अवसर पर तुम्हारे पास आना चाहता था किन्तु कुछ पारिवारिक कार्य आ जाने के कारण नहीं आ सका अतः क्षमाप्रार्थी हूँ।

एक बार पुनः मेरी शुभकामनाएं स्वीकार करो।

तुम्हारा मित्र

अमूल्य

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

प्राचार्य महोदय,

चौइथराम फाउण्टेन हा.से. स्कूल,

श्रीराम तलावली धार रोड़, इन्दौर

विषय :– बुक बैंक से पुस्तकें प्रदान करने संबंधी।

मान्यवर,

सविनय निवेदन है कि मैं कुमारी शिवानी देवराज सोनी कक्षा दसवीं 'अ' की छात्रा हूँ। मेरे पिताजी एक किसान है और परिवार में हम सात सदस्य है खेती के अतिरिक्त आय का कोई साधन नहीं है। अपने अध्ययन को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक पुस्तके क्रय करने में समर्थ नहीं हूँ।

अतः महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि मुझे शालेय बुक बैंक से कक्षा दसवीं की समस्त पाठ्यपुस्तकें दिलाने की कृपा करें, जिससे मैं अपना अध्ययन जारी रख सकूं। सहयोग की अपेक्षा में।

धन्यवाद

दिनांक

आपकी आज्ञाकारी शिष्या

शिवानी सोनी

कक्षा–X

**संबोधन 1 अंक, विषयवस्तु मध्य 3 अंक, समापन 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 28. **(अ) निबंध लेखन –**

## वन सरंक्षण : महत्व एवं उपयुक्ता

**भूमिका** :– मानव जीवन प्रकृति पर आश्रित है। प्रकृति का किंचित मात्र भी भूभ्रंग मानव के लिये दुःखदायी हो जाता है और प्रकृति की असीम सम्पदा मानव के स्थान की अत्यावश्यक कड़ी है इस प्राकृतिक सम्पदा से वनों का अपना अलग महत्व है इनकी उपयोगिता और महत्व किसी से छिपा नहीं हैं।

**वन संरक्षण क्यों** :– वनों से लाभ और उनके महत्व को ध्यान में रखकर वनों के संरक्षण पर बल दिया जाता है। वनों से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों ही प्रकार के लाभ हैं। वन आर्थिक सम्पदा के मुख्यत स्त्रोत हैं और देश की अर्थव्यवस्था वनों के कच्चे माल पर निर्भर रहती है। वन आक्रमणकारियों से सुरक्षा का कार्य

भी करते है। यद्यपि आधुनिक अस्त्रों ने युद्ध की स्थिति बदल दी है परंतु पहले यह मान्यता थी कि वह आक्रमणकारियों से हमारी रक्षा करते हैं। आधुनिक युग में भी हवाई हमलों से बचने हेतु बंकर या खाई बहुधा वनों में ही बनाई जाती थी।

**भारत और वन संरक्षण** :– वन रूपी प्राकृतिक सम्पदा भारत में विशेष रूप से उपलब्ध है और अति प्राचीन काल से यहां से उपयुक्तता को स्वीकार किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद वन संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये। भारतीय वन एक जगह पर सामूहिक रूप से नहीं पाये जाते हैं। इसलिए इनको विकसित करने में प्रशासन को कठिनाई का अनुभव होता है। सरकार ने इस ओर भी ध्यान दिया। देश में वन विज्ञान की शिक्षा की व्यवस्था की गई और पंचवर्षीय योजना में वनों के विकास हेतु योजनाएं बनाई गई।

**वन संरक्षण हेतु सुझाव** :– वन संरक्षण इस देश के लिये अत्यंत लाभदायक है और इस हेतु जनता को जागरूक बनाया जाना चाहिए। योजना आयोग के अनुसार वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिये राष्ट्र को वन–मस्तिष्कीय बनाना आवश्यक है। नागरिकों को आर्थिक और तकनीकी सहायता दी जानी चाहिए। देश में वृक्षारोपण के कार्य की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। जलाने की लकड़ी वन–संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत घातक है। बहुत से लोग वनों से लकड़ी काटते है और उन्हें ईधन के रूप में जलाते हैं इससे वनों में क्षति होती है।

**उपसंहार** :– वन सरंक्षण के कार्यक्रम और वनों को बढ़ाने के कार्यक्रम दोनों ही इस देश के लिये अत्यंत लाभदायक हैं। इस क्षेत्र में कुछ कार्य किये गये हैं। आवश्यकता इस बात की है कि अधिक से अधिक वृक्षों को लगाया जाए और

जो वन उपलब्ध हैं उनके संरक्षण का विशेष रूप से प्रयास किया जाए। अनेक ऐसे कानून बनाये गये है, जिनके फलस्वरूप वनों को क्षति पहुंचाना दण्डनीय अपराध माना जाता है। हमारे देश की अर्थ व्यवस्था बहुत कुछ वनों के संरक्षण पर निर्भर करती है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम वन संरक्षण कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दें। इस दिशा में सरकार और जनता को मिल जुल कर कार्य करना होगा तभी हम अपने देश के आर्थिक विकास में वनों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे।

कुल 7 अंक

**(ब)** रूपरेखा–

कम्प्यूटर आज की आवश्यकता

1. प्रस्तावना
2. कम्प्यूटर क्रांति
3. कम्प्यूटर और विज्ञान
4. कम्प्यूटर और इन्टरनेट
5. कम्प्यूटर से लाभ
6. कम्प्यूटर से हानि
7. उपसंहार।

कुल 3 अंक

– – – – –